R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 156 | पेज: 8 | जयपुर, शनिवार, 16 मई 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये



## सबरीमाला में महिलाओं की एंट्री मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

● 16 दिन सुनवाई चली, कोर्ट ने केंद्र, धार्मिक संगठनों और याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं की एंट्री और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई गुरुवार को पूरी कर ली है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता में 9 जजों वाली बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने 16 दिन तक केंद्र, धार्मिक संगठनों और याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनीं।



कोर्ट धार्मिक स्वतंत्रता, अनुच्छेद 25 और 26 के दायरे, संवैधानिक नैतिकता और धार्मिक प्रथाओं में न्यायिक हस्तक्षेप की सीमा जैसे कई अहम संवैधानिक सवालों पर फैसला देगी। इनमें सबसे अहम मासिक धर्म के उम्र वाली 10 से 50 साल की महिलाओं की सबरीमाला मंदिर में एंट्री का विवाद है।

सितंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों वाली बेंच ने महिलाओं के सबरीमाला मंदिर में एंट्री पर लगे प्रतिबंध को असंवैधानिक बताते हुए हटा दिया था। बाद में 2019 में इस मुद्दे को बड़ी बेंच को भेजा गया। 16 दिनों की सुनवाई के दौरान 7 संवैधानिक सवालों पर बहस हुई।

### महिलाओं की एंट्री के विरोध में केंद्र सरकार

केंद्र सरकार महिलाओं की एंट्री के विरोध में है। सबरीमाला मामले के साथ मुस्लिम महिलाओं के मस्जिद और दरगाहों में प्रवेश और पारसी महिलाओं के अगियारी में प्रवेश से जुड़े मुद्दे भी बड़ी बेंच को भेजे गए थे। मामले की सुनवाई कर रही 9 जजों की बेंच में सीजेआई जस्टिस बी.वी. नागरत्ना, एम.एम. सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्य बागची भी शामिल हैं। सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### अगले वर्ष से ऑनलाइन होगा NEET एग्जाम

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की है कि अगले वर्ष से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) पूरी तरह कंप्यूटर आधारित प्रणाली से आयोजित की जाएगी। नई दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ परीक्षाओं को ऑनलाइन माध्यम से कराना जरूरी हो गया है और सरकार अब ओएमआर आधारित व्यवस्था से डिजिटल परीक्षा मॉडल की ओर बढ़ रही है। यह फैसला हाल ही में हुए नीट प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद लिया गया है, जिससे लाखों विद्यार्थियों में नाराजगी और चिंता का माहौल था। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को लागू किया जा रहा है और परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा माफिया के खिलाफ कार्रवाई



लगातार जारी रहेगी। साथ ही CBI विभिन्न स्तरों पर जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कथित सुरक्षित परीक्षा प्रणाली में सेंध कैसे लगी। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि NTA द्वारा 21 जून को नीट पुनर्परीक्षा आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को 14 जून तक एडमिट कार्ड जारी कर दिए जाएंगे। छात्रों को परीक्षा शहर चुनने का विकल्प भी मिलेगा और ओएमआर पत्रक भरने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट का समय दिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुनर्परीक्षा के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा और पहले जमा की गई फीस वापस की जाएगी।

### नीट यूजी 2026 परीक्षा अब 21 जून को होगी

नई दिल्ली। पेपर लीक विवाद के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट (यूजी) 2026 परीक्षा दोबारा आयोजित करने की घोषणा की है। एजेंसी के अनुसार अब यह परीक्षा 21 जून 2026, रविवार को आयोजित होगी। भारत सरकार की मंजूरी के बाद यह फैसला लिया गया है। इस निर्णय से देशभर के करीब 22 लाख छात्रों और उनके अभिभावकों को राहत मिली है, जो परीक्षा रद्द होने के बाद असमंजस की स्थिति में थे। एनटीए ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि छात्र केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें और अफवाहों से बचें। एनटीए ने हेल्पलाइन नंबर 011-40759000 और 011-69227700 भी जारी किए हैं, ताकि छात्र किसी भी जानकारी के लिए संपर्क कर सकें। गौरतलब है कि 3



मई 2026 को आयोजित नीट यूजी परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ी के आरोप सामने आए थे। शुरुआती जांच में परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल उठने के बाद परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया गया। अब परीक्षा को नए सिरे से कराने की तैयारी की जा रही है। पूरे मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपी गई है। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि पेपर लीक के पीछे कौन लोग और नेटवर्क सक्रिय थे। एनटीए ने भरोसा दिलाया है कि नई परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित की जाएगी।

### यूपी में 7500 गोशालाओं में तैनात होंगी कृषि सखियां

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार ने गो संरक्षण को लेकर बड़ा अभियान शुरू करने की तैयारी की है। राज्य की 7500 से अधिक गोशालाओं में कृषि सखियों की तैनाती की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण और जैविक खेती से जोड़ना है। सरकार के अनुसार उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा। ये महिलाएं गांव-गांव जाकर अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देंगी। योजना के तहत गोशालाओं को रोजगार और जैविक खेती के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि गोबर से बड़े स्तर पर जैविक खाद तैयार की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इससे किसानों की रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होगी और खेती की लागत भी घटेगी। सरकार इस योजना को "गो समृद्धि अभियान" के रूप में आगे बढ़ा रही है।

## पीएम मोदी की यूएई यात्रा से भारत-यूएई रिश्तों को मिली नई ताकत, 5 अरब डॉलर निवेश समेत कई बड़े समझौते

नई दिल्ली (एजेंसी)। नरेन्द्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) यात्रा के दौरान भारत और यूएई के संबंधों को नई मजबूती मिली है। शुक्रवार को दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा, निवेश, लॉजिस्टिक्स और रणनीतिक सहयोग से जुड़े कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश, एलपीजी आपूर्ति, रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व और समुद्री व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण समझौते शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच अबू धाबी में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई। भारत के आरबीएल बैंक, सम्मान कैपिटल और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में यूएई की ओर से 5 अरब डॉलर निवेश को लेकर भी



समझौता हुआ। इसके अलावा गुजरात के वाडिनार में शिप रिपेयरिंग क्लस्टर विकसित करने पर भी सहमति बनी। इसे समुद्री व्यापार, लॉजिस्टिक्स और पोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत हर परिस्थिति में यूएई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के लिए हर संभव सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित रहना वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि जनवरी में यूएई राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान जो लक्ष्य तय किए गए थे, उन पर तेजी से प्रगति हुई है। पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि संवाद तथा कूटनीति ही समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी 15 से 20 मई तक पांच देशों की यात्रा पर हैं। इस दौरान वे यूएई के अलावा नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का भी दौरा करेंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा, ग्रीन टेक्नोलॉजी, रक्षा, निवेश और व्यापार के क्षेत्र में भारत की वैश्विक साझेदारियों को और मजबूत करना है।

## पेट्रोल-डीजल फिर महंगा, नई दरें लागू

नई दिल्ली। देशभर में शुक्रवार से पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी लागू हो गई है। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 3.14 रुपये प्रति लीटर महंगा होकर 97.77 रुपये पहुंच गया, जबकि डीजल 3.11 रुपये बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वहीं सीएनजी की कीमत में भी 2 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है, जिसके बाद दिल्ली में इसकी नई कीमत 79.09 रुपये प्रति किलो हो गई है। बताया जा रहा है कि मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल एवं गैस की सप्लाई प्रभावित होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में लगातार तेजी बनी हुई है। इसका सीधा असर भारतीय तेल कंपनियों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम का कहना है कि महंगे कच्चे तेल के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक बाजार में अस्थिरता जारी रहने पर आने वाले दिनों में ईंधन कीमतों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

भिवाड़ी में राजस्थान के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का उद्घाटन

## सीएम भजनलाल बोले- निवेश और रोजगार का नया दौर शुरू

जयपुर/भिवाड़ी। भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को भिवाड़ी में प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का उद्घाटन करते हुए कहा कि राजस्थान तेजी से निवेश और औद्योगिक विकास का बड़ा केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने 35 नई नीतियां लागू कर निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है, जिससे प्रदेश विकसित राजस्थान@2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भिवाड़ी में एल्सीना इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, 34 एमएलडी एसटीपी और खैरथल-तिजारा जिले की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सरकार रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के माध्यम से राजस्थान को हरियाणा होते हुए




दिल्ली से जोड़ने पर तेजी से काम कर रही है। साथ ही यमुना जल समझौते के क्रियान्वयन और अलवर के बांदीकुई में बड़े औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की दिशा में भी तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में पिछले 12 वर्षों में छह गुना वृद्धि हुई है और यह 13 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि भिवाड़ी इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में करीब 1200 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिससे लगभग 2500 लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां हर साल 6 करोड़ चिप्स का उत्पादन होगा। वहीं भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भिवाड़ी को देश के प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 61 करोड़ रुपये की लागत से बने 34 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण किया गया है, जबकि 52 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से ट्रीटेड वाटर लाइन का शिलान्यास हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा, रोजगार, जल प्रबंधन और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बड़े स्तर पर काम कर रही है। प्रदेश में 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति दी जा रही है और युवाओं को रोजगार देने के लिए भर्ती प्रक्रियाएं तेजी से आगे बढ़ाई जा रही हैं।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर सचिन पायलट का हमला, बोले— "वोट लो, फिर दाम बढ़ाओ"

जयपुर। देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस महासचिव और राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ना पहले से तय था और चुनाव खत्म होते ही जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया गया। शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल के दामों में करीब 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद सचिन पायलट ने कहा, "यह पहले से ही तय था। वोट लो, फिर कीमत बढ़ाओ।" उन्होंने आरोप लगाया कि पांच राज्यों के चुनाव खत्म होने तक सरकार ने जानबूझकर कीमतें नहीं बढ़ाईं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही तेल कंपनियों ने दरों में बढ़ोतरी कर दी। राजस्थान सहित कई राज्यों में बढ़ी कीमतों के बाद लोगों में चिंता का माहौल है। जयपुर में पेट्रोल की कीमत 107.97 रुपये प्रति लीटर और डीजल 93.23 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। वहीं राष्ट्रीय



राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपये और डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। जानकारी के अनुसार, पिछले चार वर्षों में यह पेट्रोल-डीजल की कीमतों में पहली बड़ी बढ़ोतरी मानी जा रही है। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव बढ़ा है, जिसके चलते यह फैसला लिया गया। इसके साथ ही दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में सीएनजी की कीमतों में भी 2 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई है। सचिन पायलट ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी की कमर टूट रही है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने का असर परिवहन, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की जरूरतों पर भी पड़ता है, जिससे आम जनता को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अलग-अलग राज्यों में वैट (VAT) की दरें अलग होने के कारण पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी अंतर देखने को मिलता है।

बिहार सरकार ने क्रिकेटर ईशान किशन को किया सम्मानित

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिए 1 करोड़ रुपए का चेक

पटना। आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले स्टार क्रिकेटर ईशान किशन को बिहार सरकार ने सम्मानित किया है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पटना में ईशान किशन को एक करोड़ रुपए का चेक भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने ईशान किशन और उनके परिवार से मुलाकात कर शानदार क्रिकेट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर ईशान किशन की मां सुचित्रा सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने




कहा कि ईशान किशन ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर बिहार का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में विजेता भारतीय टीम के सदस्य और बिहार के लाल ईशान किशन को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया गया है। उन्होंने ईशान को सफल क्रिकेट करियर के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आगे भी बिहार का नाम इसी तरह रोशन करते रहें। गौरतलब है कि 8 मार्च 2026 को खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता था। मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। भारतीय टीम की ओर से ईशान किशन, संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलीं। ईशान किशन ने 54 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। भारत ने मैच में 255 रन बनाए थे। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह भी ईशान किशन को सम्मानित और बधाई दे चुके हैं।

## अखिलेश के भाई प्रतीक को ससुर ने दी मुखाग्नि

● सपा प्रमुख ने चिता पर लकड़ी रखी, प्रणाम किया

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक गुरुवार दोपहर पंचतत्व में विलीन हो गए। लखनऊ में पत्नी अपर्णा के



पिता यानी प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने चिता को मुखाग्नि दी। अखिलेश ने भाई की चिता पर लकड़ी रखी और अंतिम प्रणाम किया। प्रतीक की दोनों बेटियां भी श्मशान घाट पर मौजूद रहीं। दोनों ने पिता की चिता पर लकड़ी रखी। हालांकि, अंतिम संस्कार कराने वाले पंडित ध्रुव कुमार तिवारी ने मीडिया से कहा था- अगर अखिलेश यादव या उनके बेटे से मुखाग्नि दिलाई जाए तो ज्यादा अच्छा होगा।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## मतदाता सूची में पारदर्शिता ही लोकतंत्र की असली ताकत

लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनाव कराने से नहीं, बल्कि निष्पक्ष और भरोसेमंद चुनाव सुनिश्चित करने से तय होती है। चुनाव प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी मतदाता सूची होती है। यदि मतदाता सूची में गड़बड़ी, संदेह या अपारदर्शिता दिखाई दे, तो चुनाव परिणामों की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े होने लगते हैं। यही कारण है कि चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत करने का बड़ा अभियान है। हाल के वर्षों में मतदाता सूचियों को लेकर कई विवाद सामने आए हैं। कर्नाटक और बिहार जैसे राज्यों में हजारों मतदाताओं के पते में "0", "00", "77777" या "9999" जैसे नंबर दर्ज पाए गए। चुनाव आयोग ने इसे बेघर या बिना मकान नंबर वाले लोगों को सूची से बाहर होने से बचाने की व्यवस्था बताया। यह तर्क मानवीय दृष्टि से उचित हो सकता है, लेकिन जब एक ही पते पर कई नाम दर्ज दिखाई दें, तो आम मतदाता के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। लोकतंत्र में केवल निष्पक्षता पर्याप्त नहीं होती, बल्कि निष्पक्षता दिखना भी उतना ही जरूरी है। अब आयोग ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का तीसरा चरण शुरू करने की घोषणा की है। इस दौरान लाखों बीएलओ और बीएलए घर-घर जाकर करोड़ों मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। यह एक विशाल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। लेकिन इस प्रक्रिया की सफलता केवल संख्या या कागजी कार्रवाई से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही से तय होगी। आज तकनीक के दौर में चुनाव आयोग को डिजिटल ऑडिट, जीपीएस आधारित सत्यापन और ऑनलाइन निगरानी जैसी व्यवस्थाओं को और मजबूत करना चाहिए। राजनीतिक दलों की भागीदारी भी जरूरी है ताकि किसी पक्ष को प्रक्रिया पर संदेह न रहे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उठाए गए सवालों और पिछली गलतियों से भी सीख लेने की आवश्यकता है। साथ ही बीएलओ और अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा और निष्पक्ष कार्य वातावरण सुनिश्चित करना भी जरूरी होगा। मतदाता सूची किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र की नींव है। आने वाले समय में कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में यह और भी जरूरी हो जाता है कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो और कोई फर्जी नाम जगह न पाए। चुनाव आयोग को यह संदेश स्पष्ट रूप से देना होगा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और भरोसेमंद है। यही जनता के लोकतंत्र में विश्वास को और मजबूत करेगा।

### स्वस्थ मस्तिष्क विकास जरूरी

## भारत के बच्चों को भोजन के अलावा भी और चीजों की आवश्यकता है



डॉ. सरथ गोपालन

**कुछ समय पहले मेरे क्लिनिक में पांच साल की एक बच्ची लाई गई। वह अपनी उम्र के बच्चों की तुलना में विकास के कई चरणों में पीछे लग रही थी। उसकी बोलने की गति धीमी थी और वह अपने हम उम्र बच्चों जितनी सक्रिय या जुड़ी हुई नहीं दिख रही थी। उसके विकास के आकलन में वह तीन साल की बच्ची के स्तर पर पाई गई। उसकी मां बहुत चिंतित थीं। बच्ची बीमार नहीं थी। कोई ऐसी बीमारी या निदान नहीं था जो इसकी वजह समझा सके। लेकिन जब हमने कोविड-19 के पिछले दो वर्षों के बारे में बात की, तो तस्वीर साफ होने लगी। लंबे लॉकडाउन के कारण स्कूल बंद रहे, वह ज्यादातर समय घर पर रही, खेल की जगह स्क्रीन ने ले ली और भोजन पहले की तुलना में अधिक साधारण और सीमित हो गया। उन शांत वर्षों में उसके मस्तिष्क को वह सब नहीं मिल पाया जिसकी उसे बढ़ने के लिए जरूरत थी। वह कोई अपवाद नहीं थी। अलग-अलग क्लिनिकों में बाल रोग विशेषज्ञ और विकास विशेषज्ञ एक ही तरह की स्थिति देख रहे थे-ऐसे बच्चे जो शारीरिक रूप से स्वस्थ थे, लेकिन विकास में पीछे रह गए थे। यह वायरस की वजह से नहीं था, बल्कि उसके बाद पैदा हुई परिस्थितियों की वजह से था। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मस्तिष्क का 90प्रतिशत विकास पांच वर्ष की आयु से पहले ही हो जाता है, जिससे प्रारंभिक वर्ष बच्चे के संज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक भविष्य को आकार देने का सबसे बड़ा अवसर बन जाते हैं। इस दौरान बनने वाले तंत्रिका संबंध सीखने, भाषा, स्मृति और जीवन भर के लिए लचीलेपन को मजबूत करते हैं।**

इस अवधि में सही पोषण प्राप्त करना सबसे शक्तिशाली निवेशों में से एक है जो हम कर सकते हैं। आयरन, जिंक और सेलेनियम जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व, जिन्हें अक्सर तंत्रिका पोषक तत्व कहा जाता है, स्वस्थ मस्तिष्क विकास और कार्य के लिए आवश्यक हैं। फिर भी आंकड़े एक चिंताजनक कहानी बयां करते हैं। अकेले आयरन की कमी भारत में पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 50प्रतिशत बच्चों को प्रभावित करती है ( एनएफएचएस-5 )। पांच वर्ष से कम आयु के 67.1प्रतिशत बच्चों में एनीमिया दर्ज किया गया, जो पिछले सर्वेक्षण से अधिक है। 12-59 महीने की आयु के बच्चों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि विश्लेषण सहित हाल के साक्ष्यों से पता चला है कि 60प्रतिशत से अधिक बच्चों में एनीमिया के साथ या उसके बिना सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी थी। यह अकेले हीमोग्लोबिन की संख्या से कहीं अधिक व्यापक पोषण संबंधी अंतर की ओर इशारा करता है। डोकोसाहेक्सानोइक एसिड (डीएचए), एक ओमेगा-3 फैटी एसिड, मस्तिष्क की संरचना, स्मृति निर्माण और दृश्य विकास में सहायक होता है। कोलीन, एक अन्य आवश्यक पोषक तत्व, अब मस्तिष्क के विकास के लिए अनिवार्य माना जाता है। जब माताएं गर्भावस्था के दौरान कोलीन का सेवन करती हैं, तो यह स्वस्थ जीन गतिविधि और कोशिका संरचना, तथा मस्तिष्क के प्रमुख क्षेत्रों - जिनमें स्मृति और चिंतन के लिए जिम्मेदार क्षेत्र शामिल हैं - के विकास में सहायक होता है। ये पोषक तत्व बच्चे के आहार में वैकल्पिक नहीं हैं, बल्कि उनकी क्षमता के लिए मूलभूत हैं। बच्चे के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण पोषण संबंधी हस्तक्षेप जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। मस्तिष्क का विकास भ्रूण अवस्था में ही शुरू हो जाता है, और मां की पोषण स्थिति सीधे तौर पर उस तंत्रिका आधार को आकार देती है जिससे बच्चा जन्म लेता है। डीएचए गर्भ में तंत्रिका संपर्क को सहारा देता है गर्भावस्था के दौरान आयरन और फोलिक एसिड का सेवन कम जन्म वजन और विकास में देरी के जोखिम को कम करता है। फिर भी, भारत में केवल 44प्रतिशत गर्भवती महिलाओं ने अनुशंसित 180 या उससे अधिक दिनों तक आयरन-फोलिक एसिड सप्लीमेंट का सेवन किया (एनएफएचएस-5), जो एक बहुत बड़ा और लक्षित करने योग्य अवसर प्रस्तुत करता है। यही कारण है कि किशोरियों में निवेश करना अगली पीढ़ी में निवेश करना है। एक स्वस्थ लड़की स्वस्थ मां बनती है, और एक स्वस्थ मां अपने बच्चे को सर्वोत्तम संभव शुरुआत देती है। भारत में 59प्रतिशत किशोरियों में एनीमिया की समस्या है, इसलिए स्कूलों, सामुदायिक कार्यक्रमों और लक्षित पूरक आहार के माध्यम से इस समूह को प्राथमिकता देना संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा में प्रभावी उपायों में से एक है। हालांकि पोषण महत्वपूर्ण है, मस्तिष्क के विकास के लिए दो समानांतर इनपुट आवश्यक हैं पर्याप्त पोषण और भावनात्मक-सामाजिक उत्तेजना।

बच्चे के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण पोषण संबंधी हस्तक्षेप जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। मस्तिष्क का विकास भ्रूण अवस्था में ही शुरू हो जाता है, और मां की पोषण स्थिति सीधे तौर पर उस तंत्रिका आधार को आकार देती है जिससे बच्चा जन्म लेता है। डीएचए गर्भ में तंत्रिका संपर्क को सहारा देता है गर्भावस्था के दौरान आयरन और फोलिक एसिड का सेवन कम जन्म वजन और विकास में देरी के जोखिम को कम करता है। फिर भी, भारत में केवल 44प्रतिशत गर्भवती महिलाओं ने अनुशंसित 180 या उससे अधिक दिनों तक आयरन-फोलिक एसिड सप्लीमेंट का सेवन किया (एनएफएचएस-5), जो एक बहुत बड़ा और लक्षित करने योग्य अवसर प्रस्तुत करता है। यही कारण है कि किशोरियों में निवेश करना अगली पीढ़ी में निवेश करना है। एक स्वस्थ लड़की स्वस्थ मां बनती है, और एक स्वस्थ मां अपने बच्चे को सर्वोत्तम संभव शुरुआत देती है। भारत में 59प्रतिशत किशोरियों में एनीमिया की समस्या है, इसलिए स्कूलों, सामुदायिक कार्यक्रमों और लक्षित पूरक आहार के माध्यम से इस समूह को प्राथमिकता देना संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा में प्रभावी उपायों में से एक है। हालांकि पोषण महत्वपूर्ण है, मस्तिष्क के विकास के लिए दो समानांतर इनपुट...



महामारी ने इसे सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। यूनिसेफ का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर सात में से एक बच्चे ने कोविड-19 के दौरान विकास या सीखने में महत्वपूर्ण हानि का अनुभव किया, जो मुख्य रूप से बीमारी के कारण नहीं, बल्कि साथियों के साथ मेलजोल, बातचीत और खेल की कमी के कारण हुआ। स्क्रीन ने मानवीय संपर्क का स्थान ले लिया, और भाषा, शारीरिक और सामाजिक विकास प्रभावित हुआ। संवेदनशील देखभाल, मौखिक संवाद, स्पर्श संबंधी जुड़ाव और एक उत्तेजक वातावरण तंत्रिका तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं और स्वस्थ मस्तिष्क संरचना के लिए आवश्यक हैं। प्रारंभिक बचपन के कार्यक्रम जो पोषण संबंधी सहायता और विकासात्मक उत्तेजना दोनों को एकीकृत करते हैं, ऐसे परिणाम देते हैं जो इनमें से कोई भी अकेले प्राप्त नहीं कर सकता। भारत की कार्यक्रम संरचना इस पर अमल करने के लिए अच्छी स्थिति में है। पोषण अभियान और पीएम पोषण जैसे कार्यक्रम पहले से ही देश भर में लाखों माताओं और छोटे बच्चों तक पहुंच रहे हैं। पोषण पखवाड़ा जैसी पहल पोषण के इर्द-गिर्द निरंतर, सामुदायिक स्तर पर लामबंदी की शक्ति को दर्शाती है। वितरण संरचना, जिसमें आंगनवाड़ी नेटवर्क, अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी और सामुदायिक स्तर पर पहुँच शामिल है, स्थापित है। अब अवसर यह है कि इस ढांचे से मिलने वाले लाभों को और अधिक बढ़ाया जाए। उचित प्रशिक्षण और सहयोग से, वे शारीरिक विकास पर नज़र रखने से लेकर माता-पिता को प्रारंभिक प्रोत्साहन, संवेदनशील देखभाल और बाल विकास प्रथाओं पर मार्गदर्शन देने तक अपनी भूमिका का विस्तार कर सकते हैं।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊंचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। इतनी कठिनाई पर स्थित होने के बावजूद भी यहां हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादे लेकर आते है। वैष्णो देवी एक धार्मिक ट्रेकिंग डेस्टिनेशन है।

### संदेश

डॉ. कविता सिंधु खरीटा



## पीएम का आह्वान आत्मनिर्भर भारत की ओर जागरूक कदम

आज का समय केवल विकास की दौड़ का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित को समझने का समय है। वैश्विक परिस्थितियों, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया "राष्ट्रहित का आह्वान" केवल एक राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए जिम्मेदारी का संदेश है। यह आह्वान हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं होता, बल्कि आम नागरिकों की छोटी-छोटी आदतों और निर्णयों से भी होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार "वोकल फॉर लोकल", "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसे अभियानों के माध्यम से देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और विदेशी निर्भरता कम करने का संदेश दिया है। उनका मानना है कि जब भारत का नागरिक अपने ही देश में बने उत्पादों पर विश्वास करेगा, तभी भारत आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेगा। यह केवल व्यापार का विषय नहीं, बल्कि देश के करोड़ों किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है। भारत जैसे विशाल देश में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में थोड़ी जागरूकता दिखाए, तो इसका प्रभाव पूरे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो उससे छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और देश का पैसा देश में ही रहता है। इसके विपरीत विदेशी वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता देश की आर्थिक शक्ति को कमजोर करती है। प्रधानमंत्री का यह आह्वान केवल आर्थिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। भारतीय संस्कृति सदैव आत्मसम्मान, श्रम और स्वदेशी भावना को महत्व देती रही है। महात्मा गांधी ने भी स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से यही संदेश दिया था कि आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है। आज वही भावना आधुनिक रूप में फिर से देश के सामने प्रस्तुत की जा रही है। हालांकि केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं होते। नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हम अपने निर्णयों से देशहित को प्राथमिकता दे रहे हैं? क्या हम पर्यावरण, स्थानीय रोजगार और भारतीय उद्योगों के प्रति संवेदनशील हैं? यदि प्रत्येक नागरिक इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार करे, तो भारत को विश्व शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आज आवश्यकता केवल नारों की नहीं, बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन की है। राष्ट्रहित का अर्थ केवल सीमा पर देश की रक्षा करना नहीं, बल्कि अपने दैनिक जीवन में ऐसे निर्णय लेना भी है जो देश को मजबूत बनाएं। स्वदेशी अपनाना, स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देना, संसाधनों का संयमित उपयोग करना और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना ,यही सच्चा राष्ट्रधर्म है। अंततः प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रहित आह्वान हमें यह सिखाता है कि देश का भविष्य केवल नीतियों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सोच और सहभागिता से तय होता है। यदि भारत का हर नागरिक राष्ट्रहित को अपने व्यक्तिगत हित से ऊपर रखना सीख जाए, तो आत्मनिर्भर, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का सपना अवश्य साकार होगा।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित

दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं।

## आइसक्रीम की एक डिश



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दुबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बच्चों की पहली शिक्षक होती है मां**

मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन की सबसे गहरी अनुभूति है। संसार में बच्चे की पहली पहचान, पहला स्पर्श, पहला भरोसा और पहली शिक्षा मां से ही शुरू होती है। किसी भी समाज की सभ्यता और संवेदनशीलता इस बात से आंकी जा सकती है कि वहां मातृत्व को कितना सम्मान और महत्व दिया जाता है। आधुनिक समय में भले ही शिक्षा के बड़े-बड़े संस्थान, डिजिटल तकनीक और करियर की दौड़ ने जीवन की दिशा बदल दी हो, लेकिन आज भी यह सत्य उतना ही मजबूत है कि बच्चे की पहली शिक्षक उसकी मां ही होती है। बच्चा जब जन्म लेता है, तब वह इस दुनिया की भाषा नहीं जानता।

-मनोज शुक्ला, जगदलपुर

## ट्रेंड

### राहुल की विदेश यात्रा



2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी की 54 विदेश यात्राओं पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि घोषित आय 11 करोड़ रुपये है। यदि यह खर्च विदेशी स्रोतों से हुआ है, तो एफसीआरए की अनुमति कहां है? यदि यह निजी स्रोतों से हुआ है, तो इसका उल्लेख कर रिटर्न में क्यों नहीं है?
**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### आरक्षित वन घोषित



दिल्ली के सेंट्रल रिज के 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित कर दिया है। यह निर्णय जैव विविधता के संरक्षण, पर्यावरणीय लचीलेपन में सुधार और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने में सहायक होगा।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### अनावश्यक खर्चों से परहेज



मैं पिछले तीन वर्षों से इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहा हूं, जिसमें डीजल या पेट्रोल का उपयोग नहीं होता है। हमने हमेशा अनावश्यक खर्चों से परहेज किया है, और यही कारण है कि हमारा राज्य आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।
**-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### जनता के पास अवसर



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने तीन साल पहले जनता को झूठे वादे देकर सरकार बनाई थी, लेकिन आज तक वे वादे पूरे नहीं हुए हैं। इन चुनावों में जनता के पास सबक सिखाने का सुनहरा अवसर है।
**-अनुराग ठाकुर,** सांसद, भाजपा

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

## भारत ने आतंकी शेरा के प्रत्यर्पण पर पुर्तगाल का जताया आभार




**लिस्बन।** भारत ने मादक पदार्थ से संबद्ध वांछित आतंकवादी इकबाल सिंह उर्फ शेरा के पुर्तगाल से प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए वहां की सरकार और उसकी एजेंसियों का आभार व्यक्त किया है। बुधवार को, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुर्तगाल से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुर्तगाल से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही एनआईए के एक दल ने उसे हिरासत में ले लिया। वह 2020 में फरार हो गया था और पुर्तगाल चला गया था। लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, /"लिस्बन में भारत का दूतावास इकबाल सिंह के भारत प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए पुर्तगाली अधिकारियों को धन्यवाद देता है।/" दूतावास द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पुर्तगाल से इकबाल सिंह उर्फ शेरा को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया गया है। सिंह पर मादक पदार्थ तस्करी और आतंकवाद के लिए वित्तपोषण करने सहित कई गंभीर अपराधों के आरोप हैं। अब भारत में उस पर मुकदमा चलाया जाएगा। बयान में कहा गया, /"भारत सरकार इकबाल सिंह के सफल प्रत्यर्पण में सहयोग और समर्थन के लिए पुर्तगाल सरकार और उसकी एजेंसियों को धन्यवाद देती है।

## ऑफ बीट

## क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है



डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है : यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है : रासायनिक सॉल्वैंट्स, तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), या विशेष फिल्टर वाला सादा पानी। इन सभी प्रसंस्करण विधियों में आवश्यक अतिरिक्त कदमों के कारण डिकैफ़ कॉफ़ी अक्सर अधिक महंगी होती है। अधिकांश डिकैफ़ कॉफ़ी विलायक-आधारित तरीकों का उपयोग करके बनाई जाती है क्योंकि यह सबसे सस्ती प्रक्रिया है। यह विधि दो और प्रकारों में विभाजित है : प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष विधि में कॉफ़ी बीन्स को भाप में पकाना और फिर उन्हें बार-बार एक रासायनिक विलायक (आमतौर पर मेथिलीन क्लोराइड या एथिल एसीटेट) में भिगोना शामिल है जो कैफीन से बंध जाता है और इसे बीन्स से निकालता है।

## राजस्थान बनेगा देश का ऊर्जा पावरहाउस:

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिया ग्रीन एनर्जी और ईंधन बचत का संदेश

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन का सबसे सस्ता, प्रभावी और स्थायी विकल्प है। संसाधनों के संयमित और विवेकपूर्ण उपयोग की आदत ही देश और प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है और आने वाले समय में देश का प्रमुख ऊर्जा प्रदाता राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को आयोजित राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "ईंधन की एक-एक बूंद बचाने" के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण अब केवल सरकारी नीति नहीं बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा जनआंदोलन बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की बचत आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री स्वयं कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक वाहन से पहुंचे और ग्रीन एनर्जी तथा ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन कम होगा और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी। राज्य सरकार प्रदेश में तेजी से इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन विकसित कर रही है। प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत राजस्थान में 250 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को "पधारो म्हारे देश" का संदेश देते हुए राजस्थान में निवेश का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग और अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रही है। सरकार की प्रगतिशील नीतियों के कारण राजस्थान में सौर, पवन, बायो ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में बड़े निवेश



प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान में 828 गीगावाट सौर ऊर्जा और 284 गीगावाट पवन ऊर्जा उत्पादन की संभावनाएं हैं। वर्तमान में राज्य में 47 गीगावाट से अधिक अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है और सरकार के कार्यकाल में 24 हजार 410 मेगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता की वृद्धि हुई है। राज्य सरकार ने अक्षय ऊर्जा, बायो फ्यूल और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 लागू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत किसानों की कृषि बिजली जरूरतों को सौर ऊर्जा से पूरा किया जा रहा है। अब तक 4 हजार मेगावाट से अधिक की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं और 6500 मेगावाट की परियोजनाएं आवंटित हो चुकी हैं। इसके अलावा 12 हजार मेगावाट से अधिक क्षमता के सोलर पार्क निर्माणाधीन हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने वर्ष 2030 तक 115 गीगावाट अक्षय ऊर्जा और 10 गीगावाट ऊर्जा भंडारण क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है, जिसे 2047 तक 290 गीगावाट तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, ऊर्जा विशेषज्ञ और निवेशक भी मौजूद रहे।

## कलक्टर की अध्यक्षता में जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक आयोजित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने जयपुर जिले में राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में पैक्स गठन करने एवं जिले की समस्त पैक्स समितियों का कम्प्यूटरीकरण कर उन्हें ई-पैक्स घोषित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने इस दौरान पैक्स समितियों के माध्यम से सी.एस.सी., पी.एम.के.एस.के. सहित अन्य महत्वपूर्ण पहलों की प्रगति की समीक्षा की तथा इनके लिए मासिक लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध रूप से लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए । उन्होंने विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत निर्मित गोदामों की उपयोगिता सुनिश्चित करने एवं 'सहकार से समृद्धि'



अभियान के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सहकारी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों एवं ग्रामीणों तक पहुंचाया जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर उत्तर मुकेश मूण्ड, प्रबंध निदेशक द जयपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जयपुर, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जयपुर (शहर, ग्रामीण), डी.डी.एम. नाबार्ड सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## ऑल इण्डिया मुस्लिम वक़्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड की ओर से हजरत मौलाना जियाउद्दीन (रह.) के उर्स मुबारक पर चादर पेश की गई





जयपुर (रॉयल पत्रिका) । हज़रत मौलाना जियाउद्दीन (रह.) शाहे की विलायत के 217वें उर्स मुबारक के मौके पर 13 मई बुधवार को दरगाह शरीफ़ में हाज़िरी देकर खादिम खुसरो मियां व मौजिन साहब की देख रेख में चादर पेश गई। ऑल इंडिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड राजस्थान के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष आफताब हिंदुस्तानी ने बताया कि इस मौके पर मुल्क और प्रदेश में अमन, भाईचारे, खुशहाली और तरक़्क़ी के लिए ख़ास दुआ की गई। उर्स में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर सूफी परंपरा और इंसानियत के पैगाम को आगे बढ़ाने का सिलसिला ज़ारी रखा। हज़रत शाहे विलायत (रह.) की शिक्षाएं हमेशा प्रेम, सद्भाव और इंसानियत का संदेश देती रही हैं, जो समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रहीस अहमद, राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल रईस, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मेहराजुद्दीन कुरैशी, मोहम्मद हुसैन (मुन्ना), प्रदेश अध्यक्ष ज़फ़र मिर्जा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आफताब हिन्दुस्तानी, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद जफर, हाजी मोहम्मद शफीक, मोहम्मद हफिज, झोटवाड़ा विधानसभा अध्यक्ष शबाब खान, जुनेद अख़्तर आसिफ, मोईन खान इस्तियाक अहमद, अकील खान व मौजीज लोग मौजूद रहे।

## राजस्थान में 25 मई से शुरू होगा 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान, 5 जून तक चलेंगे व्यापक कार्यक्रम

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से 25 मई से 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस अभियान का शुभारंभ जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर से करेंगे। यह अभियान 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों को अभियान को मिशन मोड में संचालित करने और हर जिले, ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों की सफाई, पौधारोपण, प्रभात फेरियां, जागरूकता रैलियां, श्रमदान और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित होंगे। लोगों को जल संरक्षण और प्लास्टिक



उपयोग कम करने की शपथ भी दिलाई जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को "जल गौरव सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा। जल संसाधन विभाग द्वारा नदियों, बांधों, सरोवरों और नहरों की पूजा, साफ-सफाई और जल उपयोगिता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं कृषि विभाग किसान चौपालों के माध्यम से प्रगतिशील किसानों से संवाद करेगा। प्राकृतिक खेती, ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर और कम्पोस्टिंग तकनीक पर कार्यशालाएं भी आयोजित होंगी। अभियान में 26 मई को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी, जबकि 4 जून को "रन फॉर एन्वायरमेंट" कार्यक्रम होगा। इसके अलावा तुलसी के पौधों का वितरण, अमृत सरोवर पूजन, जल चौपाल, नुक्कड़ नाटक और ईको-फ्रेंडली उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मुख्य सचिव ने जल संचय जन भागीदारी 2.0 अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम क्षेत्रों में बड़ी संख्या में जल संरक्षण संरचनाएं बनाने के निर्देश भी दिए। सरकार का लक्ष्य इस अभियान के जरिए जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए प्रदेश में स्थायी जल प्रबंधन को मजबूत करना है।

## विशेष अभियान में बड़ी कार्रवाई: जोधपुर में ट्रक से 675 कार्टन अंग्रेजी शराब जब्त, 537 गिरफ्तार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रदेशभर में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जोधपुर में एक ट्रक से 675 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देश पर 1 से 13 मई 2026 तक चलाए गए अभियान में प्रदेशभर में 1294 अभियोग दर्ज कर 537 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग के अनुसार अभियान के दौरान देशी शराब, विदेशी शराब, बीयर, स्प्रिट और हथकड़ शराब सहित बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की गई। साथ ही प्रदेशभर में 3 लाख 74 हजार 877 लीटर वॉश नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान 55 वाहन भी जब्त किए गए, जिनमें बड़े ट्रक, चार पहिया और दुपहिया वाहन शामिल हैं।

जोधपुर और पाली आबकारी टीम की संयुक्त कार्रवाई में भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर औसियां क्षेत्र में एक 12 चक्का ट्रक की तलाशी ली गई। ट्रक से "फॉर सेल इन चंडीगढ़" मार्का की 675 पेटियां अंग्रेजी शराब बरामद हुईं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 58 लाख रुपए बताई जा रही है। मौके से ट्रक चालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में जिला आबकारी अधिकारी पाली मनोज बिस्सा और टीम की अहम भूमिका रही। इसके अलावा बांसवाड़ा, जयपुर, धौलपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ और अलवर समेत कई जिलों में दबिश देकर हजारों लीटर वॉश नष्ट किया गया तथा अवैध हथकड़ शराब बरामद की गई। कई स्थानों पर भट्टियां भी तोड़ी गईं और फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में अवैध शराब के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बीबीएमबी में राजस्थान को स्थायी सदस्य बनाने की मांग

जयपुर/पंचकुला। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के स्वर्ण जयंती समारोह में राजस्थान ने बोर्ड में स्थायी प्रतिनिधित्व की जोरदार मांग उठाई। पंचकुला के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सुरेश सिंह रावत ने कहा कि राजस्थान को बीबीएमबी में स्थायी सदस्य बनाया जाना चाहिए और राज्य के लिए एक अतिरिक्त पूर्णकालिक सदस्य पद सृजित किया जाए। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड वर्ष 1976 से राजस्थान, पंजाब और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के बीच जल वितरण, सिंचाई और जल-विद्युत प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी राजस्थान के 13 जिले पेयजल और सिंचाई के लिए रावी-ब्यास-सतलुज नदी प्रणाली पर निर्भर हैं। इस परियोजना ने मरुस्थलीय क्षेत्रों को हरित बनाने और आर्थिक विकास में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि रावी-ब्यास जल प्रणाली में राजस्थान की हिस्सेदारी 52.69 प्रतिशत है, लेकिन इसके बावजूद अब तक राज्य के किसी अधिकारी को बोर्ड में सदस्य नहीं बनाया गया। राजस्थान अंतिम छोर पर स्थित राज्य है, इसलिए जल वितरण पारदर्शी, समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से होना जरूरी है। सुरेश सिंह रावत ने बांध सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकतम जल भंडारण क्षमता के अध्ययन, फ्लोटिंग सोलर और पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं के उपयोग तथा डिजिटल जल प्रबंधन प्रणाली लागू करने की भी वकालत की। उन्होंने रियल-टाइम डिस्चार्ज मॉनिटरिंग, सैटेलाइट आधारित निगरानी और ऑनलाइन डेटा शेयरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। समारोह में मनोहर लाल सहित पंजाब और हरियाणा के मंत्री तथा विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## कोटा प्रसूता मौत मामला:

# चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर बोले— हर एंगल से होगी जांच, एम्स टीम करेगी निष्पक्ष पड़ताल

जयपुर/कोटा (रॉयल पत्रिका)। कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल और जेके लोन अस्पताल में प्रसूताओं की मौत एवं स्वास्थ्य बिगड़ने के मामले को लेकर राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को कोटा पहुंचकर अस्पतालों का निरीक्षण किया, भर्ती प्रसूताओं और उनके परिजनों से मुलाकात की तथा अधिकारियों और चिकित्सकों के साथ पूरे प्रकरण की विस्तृत समीक्षा की। मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले को लेकर बेहद गंभीर है और घटना की हर दृष्टिकोण से निष्पक्ष जांच करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की विशेषज्ञ टीम शनिवार को कोटा पहुंचकर मामले की विस्तृत जांच करेगी। अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि जांच तीन प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित है— दवाओं की गुणवत्ता, ऑपरेशन थिएटर एवं उपकरणों में संक्रमण, और इलाज व मॉनिटरिंग में किसी प्रकार की लापरवाही।



दवाओं और उपकरणों की जांच रिपोर्ट आने में दो से तीन सप्ताह का समय लग सकता है। फिलहाल प्रथम दृष्टया इलाज और मॉनिटरिंग से जुड़े कुछ चिकित्सकों एवं नर्सिंगकर्मियों को निलंबित किया गया है, लेकिन किसी निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी। कोटा के जेके लोन और न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पतालों को प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में गिना जाता है। मंत्री ने बताया कि यहां हर वर्ष करीब 18 हजार प्रसव होते हैं, जिनमें लगभग 10 हजार सिजेरियन डिलीवरी शामिल हैं। बेहतर चिकित्सा प्रबंधन के कारण यहां मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम, लगभग 0.1 से 0.2 प्रतिशत रहती है। ऐसे में एक साथ कई प्रसूताओं का स्वास्थ्य बिगड़ना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही जयपुर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम को तुरंत कोटा भेजा गया, जिससे कई प्रसूताओं की जान बचाई जा सकी। साथ ही सभी अस्पतालों में इलाज के प्रोटोकॉल, स्टरलाइजेशन और दवाओं के सुरक्षित भंडारण को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## ब्रीफ खबरें

### आमजन तक पहुँचे सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ - दिया कुमारी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार द्वारा संचालित ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बस्सी विधानसभा की ग्राम पंचायत अनंतपुरा में संध्या चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर आमजन से संवाद किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आमजन से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।



उन्होंने इस दौरान 23 से 25 मई तक जयपुर में आयोजित हो रहे ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) 2026 में अधिक से अधिक कृषकों, पशुपालकों एवं निवेशकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गोद भराई रस्म का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सरकार के प्रति विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम में सीएम मीणा, केएल मीणा, उपखंड अधिकारी बस्सी डॉ. गरिमा शर्मा सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### RMA ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने पर मालवीय नगर में 3 प्रतिष्ठान सीज




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रष्मि कांकरिया के नेतृत्व में गुरूवार को संयुक्त टीम द्वारा 3 प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की गई। नगर निगम जयपुर द्वारा दिये गये नोटिसों के उपरान्त भी आर.एम.ए ट्रेड लाईसेंस प्राप्त नहीं किये जाने पर राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग के आदेष क्रमांक 8(ग) () नियम/डी.एल.बी/16/1680 दिनांक 31.01.2017 नोट के बिन्दु संख्या 06 के तहत मालवीय नगर जोन में 3 प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार RMA License (अनुज्ञा-पत्र) प्राप्त करने तक अथवा अग्रिम आदेषों तक के लिए बंद किया गया है साथ ही उक्त प्रतिष्ठानों को लाइसेंस की उपविधियों की पालना किये जाने हेतु पाबन्द किया गया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने अपील की कि नगर निगम जयपुर सीमा क्षेत्र में संचालित प्रतिष्ठान जैसे होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, केंटिन, मिठाई की दुकान, बैकरी, कन्फेक्सनरी, नमकीन के कारखाने व मिठाई के कारखाने, आईसक्रीम व आईसक्रीम फैक्ट्री इत्यादि का संचालन आर.एम.एम टे॰ड लाईन्सेंस प्राप्त करके ही किया जावें अन्यथा नियमानुसार विभाग द्वारा कार्यवाही की जावेगीं जिसकी जिम्मेदारी संचालनकर्ता की स्वयं की होगी।

### पीएम सूर्यघर योजना में राजस्थान ने रचा नया कीर्तिमान

*-2 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूरे*



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में राजस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 2 लाख से अधिक रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र इंस्टॉल करने का आंकड़ा पार कर लिया है। करीब 26 माह पहले शुरू हुई इस योजना में गुरुवार तक प्रदेश में 2 लाख 416 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। जयपुर के इमली वाला फाटक स्थित नटराज नगर निवासी तारा शर्मा इस योजना में 2 लाखवीं उपभोक्ता बनीं, जिनके घर रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाया गया। इस अवसर पर जयपुर डिस्कॉम की अधीक्षण अभियंता महिमा साराभाई और अधीक्षण अभियंता अनिल टोडवाल ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी तथा सोलर कुक टॉप भेंट किया। योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है, जबकि राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना में पंजीकृत उपभोक्ताओं को अतिरिक्त 17 हजार रुपए की सहायता प्रदान कर रही है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में तेजी आई है। अब तक राजस्थान में 771 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा चुके हैं। वहीं उपभोक्ताओं को भारत सरकार द्वारा 1354 करोड़ रुपए से अधिक की सब्सिडी सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है। केवल अप्रैल 2026 में ही रिकॉर्ड 22,822 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हुए, जो किसी एक माह में अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। प्रदेश में जयपुर जिला 41,296 इंस्टॉलेशन के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद श्रीगंगानगर, सीकर, हनुमानगढ़ और झुंझुनूं का स्थान है। राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान 2 लाख से अधिक इंस्टॉलेशन के साथ देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और केरल इस सूची में राजस्थान से आगे हैं।

### आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | | पानी के लिए | |
|---|---|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/ 108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |


## ब्रीफ खबरें

# भाजपा सरकार की नाकामियों को छुपाता प्रशासन - चौहान



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन व भाजपा सरकार की नाकामियां आ रही हैं सामने आमजन हो रहा है परेशान। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि, चूरू जिला मुख्यालय पर वृद्धजनों, विधवाओं, और निशक्त जनों की सामाजिक सहायता मासिक पेंशन नहीं आने के कारण यह जरूरत मंद, रोज उपखण्ड कार्यालय पर चक्र लगा रहे है। चौहान ने बताया लाभार्थी कइयों की तो दस ग्यारह महीनों से रुकी हुई है, पूछने पर जवाब मिलता है, बजट के आभाव में आगे से नहीं आ रही है। डबल ईंजन सरकार सामाजिक सहायता मासिक पेंशन देने में भी नाकाम साबित हो रही हैं। समय रहते जल्द इनका समाधान नहीं हुआ तो लाभार्थियों के साथ मिलकर सरकार की नाकामियां आमजन के सामने लायेगे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां सुचारू



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां सुचारू रूप से संचालित हैं। आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह ने बताया कि इस बार 02 मई से 20 जून तक 50 दिवसीय काउंट डाउन योगाभ्यास शिविर शुरू किए गए हैं, जिसमें जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर अलग— अलग पार्क, विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि हर घर हर व्यक्ति को योग का लाभ प्राप्त हो सके। सहायक उपनिदेशक डॉ. मनीष दाधीच ने बताया कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र, चूरू प्रभारी डॉ. संतरा के निर्देशन में अग्रसेन पार्क, इंद्रमणि पार्क, आपणी पाठशाला आदि स्थानों पर प्रतिदिन सवेरे 06 बजे से 7: 30 बजे तक योगाभ्यास करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योग प्रशिक्षक अरविन्द, अनुपम, गायत्री, धनेश, रमेश, लोकेश, भवानी, अमित, मेनपाल आदि योग शिविर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# जावेद शेख को इंग्लिश विषय में मिली पीएचडी उपाधि



जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। मौलाना आज़ाद विश्वविद्यालय, जोधपुर ने इंग्लिश विभाग के शोधार्थी जावेद शेख को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। जावेद शेख ने 'ऑन द पोर्टल्स ऑफ चेंज: अतिया हुसैन'स सनलाइट ऑन अ ब्रोकन कॉलम' विषय पर इंग्लिश विभाग की शोध पर्यवेक्षिका डॉ. सोनिया जैन के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया। एस.एस. जैन सुबोध कॉलेज की इंग्लिश विभाग की एचओडी डॉ. नमिता चौहान ने इनका वाइवा लिया। यूनिवर्सिटी की इंग्लिश विषय में यह पहली पीएचडी है। इस अवसर पर इनकी धर्मपत्नी ज़ैनब अहमद, पुत्र अब्दुर्रहमान, अब्दुल्लाह और अब्दुर्रहीम भी मौजूद रहे। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक, डीन एकेडमिक्स डॉ. इमरान खान पठान सहित समस्त फैकल्टी मेम्बर्स ने डॉ. जावेद शेख को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# दौसा के पास ढाणी में लगी आग, 5 घर जले

**संजय रैसवाल**

दौसा (रॉयल पत्रिका)। दौसा जिले के भांडारेज क्षेत्र की महादेव वाली ढाणी में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। तेज अंधड़ के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आधा दर्जन से ज्यादा छप्परपोश व पाटोरपोश घर इसकी चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर दौसा नगर परिषद फायर स्टेशन से तीन फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों ने काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने के बाद तेज हवा के चलते लपटें तेजी से फैलने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने आसपास बने कई छप्परपोश और पाटोरपोश घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना पर मिलते ही दौसा नगर परिषद के फायर स्टेशन से तीन फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी की सूचना पर भांडारेज चौकी पुलिस भी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहत और बचाव कार्य में सहयोग किया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

# जयपुर पुलिस आयुक्त रविवार को पुलिस थाना रामगंज पर करेंगे जनसुनवाई

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल 17 मई (रविवार) को दोपहर 11.30 से 01.30 बजे तक पुलिस थाना रामगंज पर जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान रामगंज सर्किल के रामगंज, गलतागेट एवं माणकचौक सर्किल के माणकचौक, सुभाषचौक, महिला थाना उत्तर थानों के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुँचाना है।

# वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार है पंछीयों का घर बार है – प्रजापति

**मोहम्मद अली पठान**




चुरु (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के निकट वृत्ति गांधी ग्राम रामसरा की राजकिय उ. मा. विधालय के सभागार में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण चुरु एवं सीवील राइट सोसायटी चुरु के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सृजन की सुरक्षा वृक्षारोपण कार्यक्रम में शाला के सभागार में पौधारोपण किया । इस अवसर पर हर खेत खेजड़ी तोरई अभियान के संयोजक एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति सदस्य जिला विधिक चेतना समिति ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार है पंछीयों का घर बार है वृक्ष आक्सीजन देता है, पर्यावरण की सुरक्षा के साथ ही वृक्षारोपण से स्थायी सम्पदा का निर्माण होता है इस बढ़ते प्रदुषण की रोकथाम के लिए सुस्वास्थ्य में वृक्ष का बड़ा योगदान है । इस अवसर पर ग्राम पंचायत खासोली के रामसरा सहित बालिकाओं को सृजन सुरक्षा कार्यक्रम के बालिकाओं के परिजनों को कार्ड वितरण किया। वृक्षारोपण अभियान की अध्यक्षता प्राचार्य मधु कंवल ने की उन्होंने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वैध गोविंद प्रसाद शर्मा ने बताया कि हर बालिका को ग्यारह ग्यारह पौधे लगाने है प्राधिकरण द्वारा सैकड़ों कार्यकर्ताओं बालिकाओं को पोधे वितरण किया। कार्यक्रम में हर खेत खेजड़ी तोरई अभियान के अन्तर्गत शुद्ध सब्जियों के आगंतुकों को नि:शुल्क देशी सब्जीयों के बीज के मिनी कीट वितरण किया। इस अवसर पर भगवानाराम जांगिड़, सी अच ओ कल्पना फगेडीया, सन्तोष मीणा एएनएम ने पंछियों के पानी पिने के परिंडे लगायें। कार्यक्रम में जगदीश प्रसाद भाम्बु, परसाराम मेघवाल,चतरमल मेघवाल, ठाकुर मल निमेल, राजेन्द्र घींटाला, सलेमुदिन, शशी बाला, आसीफ खान, देवेंद्र, मधु कुमारी, तारामणी सैनी, नवरत्न जांगीड़, राकेश प्रजापत आदि ने सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन अनील कुमार चौधरी ने किया।

# बलिदानी योद्धाओं के आश्रितों को प्रदान किए 5.5 लाख रुपये की तत्काल सहायता के चेक



चूरू (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री सहायता कोष से कारगिल पैकेज के तहत जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल कुमार पूनिया (से.नि.) ने जिले के बलिदानी योद्धाओं वीरगति को प्राप्त जिले के तारानगर के ग्राम — पोस्ट ढाणी आशा के विजय कुमार (07 सितंबर, 2024 को ऑपरेशन एक्स विनाश — महाराष्ट्रा में) तथा जिले के रतनगढ़ के दाउदसर निवासी हरलाल कालेर (05 अगस्त, 2025 को ऑपरेशन स्नो लेपर्ड उतराखंड में) के आश्रितों को 5.5 लाख रुपये की तत्काल सहायता के चेक प्रदान किए। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल कुमार पूनिया(से.नि.) ने बताया कि ढाणी आशा के विजय कुमार की आश्रिता पत्नी किरण भाकर तथा दाउदसर के हरलाल कालेर की आश्रिता पत्नी श्रवणी देवी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से कारगिल पैकेज के तहत स्वीकृत 5.5 लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए हैं।

# राजस्थान नायक समाज की 3 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से करेंगे भेंट

***-7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जल्द करेगा मुलाकात - रामेश्वर प्रसाद नायक***

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय से राजस्थान नायक समाज संयुक्त समिति, जिला अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद नायक चूरू द्वारा बताया गया कि आगामी दिनों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भेंट कर नायक समाज की ज्वलंत समस्याओं एवं संवैधानिक अधिकारों के संबंध में मांग पत्र सौंपा जाएगा। इसके लिए समिति के 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री कार्यालय से मिलने की औपचारिक स्वीकृति मांगी है। प्रतिनिधिमंडल समाज की निम्नलिखित तीन प्रमुख मांगों पर माननीय मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कर त्वरित समाधान की मांग करेगा।

**नायक समाज की 3 सूत्री मुख्य मांगें:**

1. नायक समाज को अनुसूचित जनजाति का संवैधानिक दर्जा दिलाया जाए नायक जाति को भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने हेतु राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को अनुशंसा भिजवाई जाए। साथ ही राजस्थान सरकार के जन आधार/ई-मित्र पोर्टल पर 'बोलचाल की भाषा' में त्रुटिवश 'नायका' दर्ज है, उसे शुद्ध कर 'नायक' दर्ज करवाया जाए तथा नायक जाति के लोगों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करवाने की प्रक्रिया शुरू की जाए।
2. चूरू जिला मुख्यालय पर नायक छात्रावास हेतु भूमि आवंटन चूरू जिला मुख्यालय पर नायक समाज के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क भूमि का आवंटन कर राजकीय छात्रावास का निर्माण करवाया जाए, जिससे दूरदराज के गरीब छात्र-छात्राओं को शिक्षा में सुविधा मिल सके।
3. नायक कल्याण बोर्ड/विकास बोर्ड का गठन किया जाए राजस्थान सरकार द्वारा विभिन्न समाजों के सर्वांगीण विकास हेतु कल्याण बोर्ड एवं विकास बोर्ड का गठन किया गया है, परंतु नायक समाज के लिए आज तक किसी भी बोर्ड का गठन नहीं किया गया। समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान हेतु 'नायक कल्याण बोर्ड' का गठन कर बजट का प्रावधान किया जाए।

# भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग 16 मई से शुरू

***- पदाधिकारियों को सौंपी वर्ग संचालन की जिम्मेदारी***

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा की केन्द्रीय योजना के अनुसार प्रत्येक जिले में आयोजित किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले का दो दिवसीय आवासीय जिला प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 16 मई 2026 को बौली में शुरू होगा। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग का प्रथम उदघाटन सत्र दोपहर 3 बजे शुरू होगा जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, वही दूसरे सत्र में जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग के संचालन हेतु पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है, जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने जिला वर्ग प्रभारी सत्यनारायण चौधरी, वर्ग संचालक प्रेमप्रकाश शर्मा, वर्ग संयोजक विनोद कुमार अटल, सहसंयोजक हरफूल बैरवा, कृष्ण पोसवाल, गंगाशंकर गौतम, हनुमत दीक्षित, प्रश्नोत्तरी प्रमुख बलवीर सिंह राजावत, गीत प्रमुख हरिओम गर्ग, महिला प्रमुख संतोष मथुरिया, रजिस्ट्रेशन टोली में मगन गुर्जर, राहुल मंगल, मुरली गौतम, शुभम शर्मा, आईटी प्रमुख नितेश मोदी, डिजिटल पेमेंट प्रमुख मुकेश शर्मा, प्रातः व्यायाम प्रमुख सुरेश जैन, सूचना टोली सुरेन्द्र शर्मा, मुकेश शर्मा, धनेश शर्मा, मेहनाज पटेल, भूपेंद्र राजोरा, मंच संचालन गंगाशंकर गौतम, मंच व्यवस्था प्रमुख जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा, जमनालाल वैष्णव, उदयसिंह गुर्जर, प्रदर्शनी प्रमुख लालचंद गौतम, भोजन प्रमुख बुद्धिप्रकाश जोशी, चौथमल कटारिया, कमलेश गुर्जर, आर्थिक प्रमुख दीपक सिंघल, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, धनेश शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी सारांश जैन, मेहनाज पटेल, स्थान आवास प्रमुख गिरीश गौतम, वाहन व्यवस्था धमेंद्र मीणा, जल व्यवस्था रूपसिंह हरसाना, बैठक व्यवस्था भेरुलाल मीणा, अतिथि स्वागत प्रेमदेवी मीणा, रीना गुप्ता, मंजू सिंघल, माइक व्यवस्था मधु जायसवाल, रंगोली प्रमुख गोविंद भदौरिया को वर्ग के सफल संचालन की जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा सवाई माधोपुर का जिला प्रशिक्षण वर्ग 16 मई 2026 को दोपहर 3 बजे प्रारंभ होकर दिनांक 17 मई 2026 को समाप्त होगा, प्रशिक्षण वर्ग बौली में स्थित जगत शिरोमणि सदन में आयोजित होगा, जिला प्रशिक्षण वर्ग में जिले के लगभग 250 से अधिक अपेक्षित कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# आसिफ खान बने दौसा जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव

***-राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की अनुमोदन पर हुई नियुक्ति, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई***

**शफीक अली**



महवा/दौसा (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुमोदन पर व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामजीलाल औंड की अनुशंसा पर महवा निवासी आसिफ महवा को दौसा जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव नियुक्त किया गया है। आसिफ की नियुक्ति पर मनी समलेटी, लोकेंद्र सैनी, राजकिरण नरुका, प्रेमचन्द बेरवा, आरिफ खान, साहिल खान, पवन टाटा, मोहन नगरवाल, उस्मान खान, सुनील शर्मा, फारूक सैफी, नेता समलेटी, मुबारिक खान सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं व बधाई दी है। आसिफ महवा ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे पार्टी के निर्देशों का पालन करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वे जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेंगे। आसिफ महवा की नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लावली है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि आसिफ महुवा एक अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ता हैं और उनकी नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी। आसिफ महवा ने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत महवा से की थी और वे पिछले कई वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी बधाई दी है। आसिफ महवा की नियुक्ति से पार्टी को एक अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ता मिला है जो पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करेगा। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि आसिफ महुवा की नियुक्ति से पार्टी को आने वाले चुनावों में फायदा होगा। आसिफ महवा ने अपनी नियुक्ति पर सभी का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वे पार्टी के लिए हमेशा काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेंगे।

# एक परिंडा मेरा भी अभियान के तहत बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**हनीस शेख**



हिंडौन सिटी (रॉयल पत्रिका)। गर्मी में बढ़ते टेंपरेचर को देखते हुए समाजसेवी मोहम्मद रफीक ने बयाना रोड स्थित चुंगी के पास व खरेटा रोड वाटर बॉक्स के पास कब्रिस्तान में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए एवं दाने पानी की व्यवस्था की रफीक ने कहा जैसे मानव को पानी की जरूरत होती है। इसी तरह पशु पक्षियों के लिए भी पानी की जरूरत होती है सभी को गर्मियों के मौसम में पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिए । पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर उन्होंने मानवता की मिसाल पेश की है मोहम्मद रफीक के नेतृत्व में यह कार्य किया गया। इस मुहिम मे उनके साथ बच्चे भी आगे आये बच्चों ने पक्षियों के लिए परिंडो मे पानी भरकर सेवा की इस मौके पर उनके साथ अनसार खान, रिज़वान खान, अमन, असद, वारिश हुसैन, हसन आदि मौजूद थे।

# ग्राम रथ बने योजनाओं और विकास कार्यो की जानकारी के सशक्त माध्यम



बारां (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र अंता में शाहगढ़, लिसाड़िया, बारां-अटरू में बलदेवपुरा, भोजूखेड़ी, मन्यागण, बिछालस, कटावर, किशनगंज में रेलावन, छबड़ा में गुलखेड़ी, उतावली एवं गुराड़ी में ग्राम रथों से प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ऑडियो वीडियो व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं का संदेश दिया गया। अभियान में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मोबाईल वैन की एलईडी स्क्रीन पर किसानों को कृषि की नवीन तकनीकों और उन्नत पद्धतियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही चार वैनों से एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के संदेश प्रसारित कर जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। लोक कलाकारों द्वारा गांवों में संध्या चौपाल में शाम के समय गीतों और नाटकों के जरिए योजनाओं को रोचक ढंग से समझाया जा रहा हैं। रथों पर ग्रामीणों के सुझाव लेने के लिए सुझाव पेटिका रखी गई है।

किसान को मिला गोवर्धन जैविक ईकाई योजना का लाभ

ग्राम रथ अभियान के तहत भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त मुख्यालय पंचायत समिति अटरू में गुरूवार को अटल सेवा केन्द्र मोठपुर में आए ग्राम मोठपुर निवासी लाभार्थी निर्मल नागर पुत्र गिरिराज नागर ने बताया कि उन्होंने कृषि परिवेक्षक हरिओम मीणा की सलाह से गोवर्धन जैविक इकाई योजना के तहत अनुदान के लिए ई मित्र से आवेदन किया। जिस पर तहसीलदार अटरू महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, सहायक कृषि अधिकारी दिलीप नागर तथा कृषि पर्यवेक्षक मीणा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अनुदान के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी करवाने में सहायता प्रदान की। इस अनुदान से लाभार्थी की परेशानियों का समाधान होने से चहरे पर खुशी की लहर छा गई। अब वह जैविक खाद तैयार कर जैविक खेती के माध्यम से जैविक फसल का उत्पादन कर सकेगा। लाभार्थी ने कृषि कार्यों में सहायता होने से कृषि विभाग तथा राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया और राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्राम रथ अभियान की सराहना की।

# 20 मई को प्री डीएलएड परीक्षा, 12 केन्द्रों पर 9155 अभ्यर्थी होंगे शामिल

पाली (रॉयल पत्रिका)। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से 20 मई (बुधवार) को प्री डीएलएड परीक्षा 2026 का आयोजन पाली शहर के कुल 12 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। पाली जिले में कुल 9155 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिला समन्वयक डॉ. महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा दो पारियों में आयोजित होगी। पहली पारी सुबह 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दूसरी पारी दोपहर 2:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक रहेगी। पहली पारी में सुबह 08:30 बजे के बाद एवं दूसरी पारी में दोपहर 02:00 बजे के बाद परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रत्येक कक्ष में कम से कम दो वीक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य की गई है। उन्होंने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों, ताकि तलाशी एवं पहचान प्रक्रिया समय पर पूर्ण हो सके। फोटो पहचान पत्र के सत्यापन एवं गहन जांच के पश्चात ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर पांच दिवसीय माय भारत एक्सपीरियंशियल लर्निंग कार्यक्रम सम्पन्न




सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत केंद्र, सवाई माधोपुर एवं जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 11 से 15 मई तक आयोजित पांच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की बारीकियों, पारदर्शिता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन से रूबरू कराना था। जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान जिले के 18 से 29 वर्ष के युवाओं ने पी.डी.एस. की कार्यप्रणाली को जमीनी स्तर पर समझा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने राशन की दुकानों पर जाकर पॉइंट ऑफ सेल मशीन के माध्यम से लाभार्थी प्रमाणीकरण और पारदर्शी वितरण प्रक्रिया को देखा। प्रतिभागियों को भारतीय खाद्य निगम के गोदामों का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने स्टॉक प्रबंधन और सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। प्रशिक्षण में माय भारत स्वयंसेवकों ने विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा अधिनियम, गिव अप अभियान और डिजिटल सेवाओं के प्रति जागरूक भी किया। जिला रसद विभाग के अधिकारियों ने युवाओं को रसद प्रणाली में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की।

**बैठक में युवाओं ने अनुभव साझा किए:-**

कार्यक्रम के अंतिम दिन एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें युवाओं ने अपने पांच दिनों के अनुभव साझा किए। माय भारत के जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं में नागरिक कर्तव्य की भावना और सरकारी प्रणालियों के प्रति समझ विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल के डिजिटल प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिले से माय भारत के युवा स्वयंसेवक गोविंद शर्मा, मनोज महावार, सत्येंद्र चौहान, जाहिद खान, आयुषी गर्ग, नैना जैन एवं कविता ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया।

## सूचना


**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# ईपीएफओ करने जा रहा बड़ा बदलाव, 7 करोड़ कर्मचारियों पर सीधे पड़ेगा असर

## प्रोविडेंट फंड विदड्रॉल के क्लेम निपटाने की प्रक्रिया को ऑटोमेटेड कर देगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ( ईपीएफओ ) के कामकाज के तरीके में बड़ा बदलाव आने वाला है। इसका सीधा इम्पैक्ट ईपीएफओ के सात करोड़ से ज्यादा मेंबर्स पर होगा। रिटायरमेंट फंड बॉडी जल्द ही फाइनल प्रोविडेंट फंड विदड्रॉल के क्लेम निपटाने की प्रक्रिया को ऑटोमेटेड कर देगी। इससे एप्लीकेंट के बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर होने की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। बुधवार को एक टॉप अधिकारी ने यह जानकारी दी। अभी 5 लाख रुपये तक के पार्शियल या एडवांस विदड्रॉल के क्लेम ऑटो मोड के जरिए निपटाए जाते हैं। ऑटो-सेटेलमेंट मोड के लिए डेडलाइन, क्लेम फाइल करने से तीन दिन है। नए लेबर कोड्स पर एसोचैम के नेशनल समिनार पहुंचे ईपीएफओ के सेंट्रल प्रोविडेंट फंड कमिश्नर रमेश कृष्णमूर्ति ने कहा, 'हम, जहां तक संभव हो, अभी के लिए ऑटो-निपटान शुरू करने जा रहे हैं... जो (पहले) केवल एडवांस के लिए उपलब्ध था। अब हम फाइनल विदड्रॉल के ऑटो-सेटेलमेंट की ओर बढ़ रहे हैं।'

उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई मेंबर अपना इम्प्लॉयर (कंपनी) बदलता है तो ईपीएफओ प्रोविडेंट फंड खातों के ऑटो-सेटेलमेंट और ऑटो-ट्रांसफर की सुविधा शुरू करने जा रहा है। उन्होंने बताया, 'अब आपको कोई फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। हम आपके खातों को आपके सबसे नए




मेंबर अकाउंट में ऑटो-माइग्रेट करने की कोशिश करेंगे।' नए लेबर कोड पर दिया यह अपडेट नए लेबर कोड्स के बारे में बात करते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा कि परिभाषाओं और अन्य शब्दों को सरल बनाने, संहिताबद्ध करने और स्टैंडर्डाइज करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए गए हैं। चार नए लेबर कोड्स को सरकार ने 8 मई को ही अधिसूचित कर दिया है। कृष्णमूर्ति ने कहा कि अधिसूचनाओं का अगला सेट विशेष रूप से ईपीएफओ से जुड़ा है। इसे जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा। नए कानूनी फ्रेमवर्क के तहत, तीन योजनाओं को भी फिर से नोटिफाई किया जाएगा। इनमें ईपीएफ स्कीम 1952, कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना 1976 और कर्मचारी पेंशन योजना 1995 शामिल है। अधिकारी ने बताया, 'हमने कोई बड़े बदलाव नहीं किए हैं। हमने अतीत से मिली सभी सीखों को शामिल करने की कोशिश की है। हमने सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की ओर से हाल ही में मंजूर किए गए सभी फैसलों को शामिल किया है। इनमें निकासी को आसान बनाना और अन्य ऐसे सुधार शामिल हैं। साथ ही छूट प्राप्त ट्रस्ट से जुड़े प्रावधानों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। इन सभी को नई योजनाओं में शामिल किया गया है।'

इस मौके पर केंद्रीय श्रम सचिव वंदना गुरनानी ने कहा कि श्रम संविधान की समवर्ती सूची में आता है। राज्य अपने खुद के नियम बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का मूल विचार कम्प्लायंस को कम करने, व्यापार करने में आसानी, व्यापार के विस्तार में आसानी और यह सुनिश्चित करने के बीच संतुलन बनाना रहा है कि श्रमिकों के हितों की अनदेखी न हो। वंदना गुरनानी ने बताया कि अब यह जिम्मेदारी उद्योग जगत पर है कि वे यह सुनिश्चित करें कि इन सुधारों को केवल कम्प्लायंस की एक चेकलिस्ट के तौर पर न देखा जाए। इसके बजाय इसे प्रोडक्टिव वर्कफोर्स के प्रति एक प्रतिबद्धता के तौर पर अपनाया जाए।

## कुमार मंगलम बिड़ला फिर से वोडाफोन आइडिया के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष बने

**मुंबई, एजेंसी।** वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के बोर्ड ने कुमार मंगलम बिड़ला को गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है, जिससे उनकी कंपनी के शीर्ष पद पर वापसी हुई है। श्री बिड़ला की नियुक्ति 5 मई 2026 से प्रभावी है। उन्होंने यह पद रविंदर टक्कर से संभाला है, जो अब गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष की भूमिका में आ गए हैं। यह बदलाव कंपनी द्वारा जारी हालिया स्टॉक एक्सचेंज नोटिफिकेशन के अनुसार वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया है। इस घटनाक्रम को निवेशकों और ऋणदाताओं के विश्वास के लिए काफी सकारात्मक माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब वोडाफोन आइडिया 25,000 करोड़ के कर्ज जुटाने के लिए उन्नत स्तर की बातचीत कर रही है। कंपनी अगले तीन वर्षों में लगभग 45,000 करोड़ के निवेश के साथ तेज़ नेटवर्क विस्तार की तैयारी भी कर रही है, जिसका लक्ष्य दो अंकों में राजस्व वृद्धि हासिल करना और अपने ईबीआईटीडीए को तीन गुना करना है।

## एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ने 2026 के लिए प्रवेश की घोषणा की

**इंदौर, एजेंसी।** उच्च शिक्षा में नवाचार लाने और भविष्य के ज्ञान क्षेत्रों में नई तरह की शिक्षा देने के उद्देश्य से स्थापित एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू)ने अपनी उत्कृष्टता के 15 वर्ष पूरे करते हुए 2026 के लिए प्रवेश की घोषणा कर दी है। छात्र सीयूईटी और इपमैट स्कोर के ज़रिए आवेदन करके एनयूएटीयानी एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के एप्टीट्यूड टेस्ट से छूट पा सकते हैं और 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकते हैं। एनयू उन अग्रणी निजी विश्वविद्यालयों में से एक है जो सीयूईटीस्कोर को मान्यता देती है और हाल के वर्षों में 2,00,000 से ज्यादा सीयूईटीअभ्यर्थियों ने एनयू को अपनी पसंदीदा यूनिवर्सिटी के रूप में चुना है। छात्र अपने सीयूईटीऔर इपमैट स्कोरकार्ड अपलोड करके अपनी पसंद की स्ट्रीम के लिए आवेदन कर सकते हैं और पात्रता के आधार पर छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकते हैं। यूनिवर्सिटी नए ज़माने के कई प्रोग्राम प्रदान करती है, जैसे बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस, बीटेक साइबर सिक्योरिटी, बीटेक रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन्स इंजीनियरिंग।

## चॉकलेट्स और फूल हर बड़े शहर में सबसे लोकप्रिय गिफ्ट्स बने

**मुंबई, एजेंसी।** इस मदर्स डे पर भारत सिर्फ फूलों और चॉकलेट्स तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गिफ्टिंग में देखभाल की एक नई परत भी जुड़ गई। क्लासिक बुके और केक के साथ लोगों की कार्ट में अब प्रोटीन पाउडर, स्लीप गमीज़ और वेलनेस प्रोडक्ट्स भी दिखाई दिए, जो यह संकेत देते हैं कि देश अब मॉम को सेलिब्रेट करने के तरीके में बदलाव ला रहा है। इंस्टामार्ट की मदर्स डे गिफ्ट ट्रेंड 2026 रिपोर्ट के अनुसार, गिफ्टिंग अब केवल औपचारिकता नहीं रही, बल्कि अधिक सोच-समझकर और देखभाल आधारित विकल्पों की ओर बढ़ रही है। हालांकि कुछ परंपराएं अब भी कायम रहीं- फूलों की मांग सुबह सबसे अधिक रही, केक की मांग शाम को बढ़ी और रात 8-9 बजे का समय सबसे व्यस्त गिफ्टिंग स्लॉट बनकर उभरा। बड़े गिफ्टिंग ऑर्डर्स के लिए औसत खर्च लगभग ?5,500 रहा, जहां सप्ताह के सबसे अधिक मूल्य वाले कार्ट्स केंद्रित रहे।
इस मदर्स डे पर भारत ने क्या गिफ्ट किया चॉकलेट्स और फूल हर बड़े शहर में सबसे लोकप्रिय गिफ्ट्स बने रहे लेकिन इस साल भारत ने मानो कहा, मा प्लीज रेस्ट मसाजर्स की मांग में +136 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई। सेल्फ केयर अब आधिकारिक तौर पर मदर्स डे गिफ्टिंग का हिस्सा बन चुका है। ब्यूटी गिफ्ट पैक्स में +77 प्रतिशत की वृद्धि हुई, खासकर बड़े शहरों में, जहां स्किनकेयर और ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स चॉकलेट्स और फूलों के साथ पसंदीदा विकल्प बनकर उभरे। प्रीमियम परफ्यूम्स की मांग में +134 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

## टाटा पावर ने वित्त वर्ष 25-26 की चौथी तिमाही और पूरे वार्षिक वित्तीय वर्ष के लिए मुनाफे में शानदार बढ़त दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी पावर कंपनियों में से एक, टाटा पावर ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी का मुनाफा (पीएटी) 8 प्रतिशत बढ़कर 1,416 करोड़ रहा। इस दौरान कंपनी का कुल रेवेन्यू 15,962 करोड़ रहा, जबकि बेहतर कामकाज और सही रणनीति की बदौलत कामकाजी मुनाफा 10 प्रतिशत बढ़कर 4,216 करोड़ पर पहुँच गया। इस तिमाही के नतीजे बताते हैं कि कंपनी स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ाने, अपने काम करने के तरीके को बेहतर बनाने और नए साझेदार जोड़ने पर पूरा ध्यान दे रही है। इसका उद्देश्य आने वाले समय में बिजली की कमी को दूर करना और पर्यावरण को सुरक्षित रखना है। इस तिमाही की सबसे बड़ी बात यह रही कि कंपनी एक बेहतर भविष्य बनाने की अपनी कोशिशों में जुटी रही। इस दौरान कंपनी ने भूटान में पानी से बिजली बनाने वाले प्रोजेक्ट्स पर काम आगे बढ़ाया और बिजली को एक जगह से दूसरी जगह सुरक्षित पहुँचाने के लिए दो बड़े नेटवर्क तैयार किए। साथ ही, कंपनी एक खास पंप हाइड्रो प्रोजेक्ट पर भी तेज़ी से काम कर रही है, ताकि आने वाले समय में लोगों को दिन-रात बिना रुके साफ और प्रदूषण-मुक्त बिजली मिल सके। कंपनी ने इस साल 7 प्रतिशत ज़्यादा 5,118 करोड़ का मुनाफा (रिपोर्टेड पीएटी) कमाया है, जो अब तक का सबसे ज़्यादा मुनाफा है। साल भर में कंपनी की कुल कमाई 63,681 करोड़ रही, और उसका कामकाजी मुनाफा भी 11 प्रतिशत बढ़कर 16,090 करोड़ तक पहुँच गया। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन के कई बड़े कारण रहा। कंपनी ने अपने अलग-अलग कारोबारों को बेहतर ढंग से चलाया और तमिलनाडु के तिरुनेलवेली प्लांट में सोलर सेल और मॉड्यूल का उत्पादन तेज़ी से बढ़ाया। इसके साथ ही, कंपनी ने 3.7 लाख से ज़्यादा घरों में सोलर पैनल (रूटटॉप सोलर) लगाने की उपलब्धि हासिल की, बड़े स्तर पर नए क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स शुरू किए और ओडिशा में बिजली वितरण के काम में काफी सुधार किया। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में, कंपनी के मुख्य कारोबार के मुनाफे (पीएटी) में 13 प्रतिशत की शानदार बढ़त देखी गई। इसका बड़ा श्रेय बिजली बनाने, उसे पहुँचाने (प्रेषण और वितरण) और स्वच्छ ऊर्जा विभागों के अच्छे प्रदर्शन को जाता है।

# आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया एक्टिव युवा

## युवा भारत के लिए वेलनेस-फर्स्ट हेल्थ इंश्योरेंस प्लान

**मुंबई, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला कैपिटल की हेल्थ इंश्योरेंस शाखा आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एबीएचआईसीएल) ने एक्टिव युवा लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक स्वास्थ्य केंद्रित बीमा योजना है, जिसे युवा भारतीयों की बदलती जीवनशैली और वेलनेस जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस प्लान के साथ एक व्यापक वेलनेस प्रोग्राम भी शुरू किया गया है, जो एबीएचआईसीएल के हेल्थरिटर्न् प्रस्ताव पर आधारित है और लोगों को पोषण, फिटनेस और रिकवरी जैसी रोजमर्रा की स्वस्थ आदतों के लिए पुरस्कृत करता है।एबीएचआईसीएल अपने हेल्थरिटर्न्सङ्ग मॉडल के जरिए हेल्थ इंश्योरेंस को हेल्थ एश्योरेंस के रूप में नए सिरे से परिभाषित कर रही है। यह मॉडल रोज 10,000 या उससे ज्यादा कदम चलने या एक ही व्यायाम सत्र में 300 कैलोरी जलाने जैसी गतिविधियों के लिए स्वस्थ जीवनशैली को पुरस्कृत करता है। जो ग्राहक लगातार सक्रिय रहते हैं और जिनका हेल्दी हार्ट स्कोरङ्ग अच्छा है, वे अपने सालाना प्रीमियम का 100 प्रतिशत तक वापस पा सकते हैं।

नया एक्टिव युवा प्लान इस प्रस्ताव को तीन स्तंभों पर आधारित एक व्यवहार से जुड़े पुरस्कार कार्यक्रम के साथ और मजबूत बनाता है। ये तीन स्तंभ हैंः ईट, मूव और हील, जो न्यूनतम एक्टिव डेज़ की शर्त पूरी करने वाले ग्राहकों को शारीरिक गतिविधि से परे भी उनकी समग्र स्वस्थ आदतों के लिए पुरस्कृत करते हैं।

जो यूजर महीने में 21 दिन ऐप पर दिन के कोई भी दो मील लॉग करते हैं, वे अपने मासिक हेल्थरिटर्न्स में 10 प्रतिशत की अतिरिक्त बढ़त हासिल कर सकते हैं।

जो यूजर उन दिनों में, जब उन्होंने एक्टिव डेज़ अर्जित नहीं किए हों, मासिक औसतन 7,500 से अधिक कदम चलते हैं या 250 कैलोरी बर्न करते हैं जो यूजर महीने में 21 दिन 7 से 8 घंटे की नींद लेते हैं, वे अपने मासिक हेल्थरिटर्न्सङ्ग में 15 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बढ़त हासिल कर सकते हैं।

एक्टिव युवा के लॉन्च पर अपनी राय रखते हुए आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री मयंक बाथवाल ने कहा, हेल्थ इंश्योरेंस को बदलती उपभोक्ता जीवनशैली और वेलनेस आदतों के साथ विकसित होना होगा। आज के युवा उपभोक्ता अपनी सेहत में निवेश को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा मानते हैं। इससे बीमा को उनके जीने के तरीके के साथ ज्यादा मेल खाने वाला बनाने का एक स्पष्ट अवसर मिलता है।

पिछले एक दशक में हमने दावों से परे भी ग्राहकों की पूरी स्वास्थ्य यात्रा में उनका साथ देने पर ध्यान दिया है। उस अनुभव से यह साफ हो गया है कि इस क्षेत्र में असली विकास दावों के बीच के वक्त में भी ग्राहकों से जुड़े रहने से आएगा, न कि केवल दावे के समय सामने आने से। एक्टिव युवा इसी बदलाव को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बीमा को रोजमर्रा की जिंदगी का एक सक्रिय हिस्सा बनाता है, पूरे साल, न कि सिर्फ मेडिकल इमरजेंसी के वक्त।

## बेहतर और सुरक्षित सड़कों के लिए काम करती है

# इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (इंडिया चैप्टर) को मिला नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डॉ. अनिलकुमार गायकवाड़, जो महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं, को इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (इंडिया चैप्टर) का अध्यक्ष चुना गया है। यह वैश्विक सड़क सुरक्षा संस्था दुनिया भर में बेहतर और सुरक्षित सड़कों के लिए काम करती है।

डॉ. गायकवाड़, जो इंफ्रास्ट्रक्चर और सड़क विकास के क्षेत्र में एक अनुभवी और कुशल पेशेवर हैं, से उम्मीद की जाती है कि वे सड़क सुरक्षा और मोबिलिटी से जुड़ी विभिन्न पहलों के माध्यम से इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के इंडिया चैप्टर में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इनमें फेडरेशन के प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं, जो सुरक्षित सड़क प्रणाली के 5ई – सड़कों की इंजीनियरिंग, वाहनों की इंजीनियरिंग और नीतिगत सुधार, शिक्षा, प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल – पर केंद्रित हैं। साथ ही, स्कूलों के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मिशन भी इसमें शामिल है, जिसमें स्कूल ज़ोन सुरक्षा और डिजिटल सड़क सुरक्षा शिक्षा की पहलें शामिल हैं। वे फेडरेशन के सदस्यों के आधार को मजबूत करने और उसका विस्तार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

डॉ. गायकवाड़ के नेतृत्व में, फेडरेशन सड़क सुरक्षा को एक राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में आगे बढ़ाना जारी रखेगा, साथ ही वकालत, परामर्श, संस्थागत क्षमता निर्माण और टिकाऊ हरित निर्माण प्रथाओं को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर



विशेष जोर दिया जाएगा, जिसमें ग्रीन हाउस कैलकुलेटर जैसे अभिनव उपकरणों की मदद ली जाएगी। आईआरएफ इंडिया चैप्टर की मुख्य संचालन टीम में 21 प्रतिष्ठित सदस्य और चार विशेष स्थायी आमंत्रित सदस्य शामिल हैं। इस टीम का नेतृत्व संस्थापक अध्यक्ष श्री के.के. कपोइला कर रहे हैं, जिनके पास सड़क इंजीनियरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, शिक्षा, प्रवर्तन और टिकाऊ मोबिलिटी क्षेत्रों में विशेषज्ञता है।

आईआरएफ-आईसी की गवर्निंग काउंसिल और सदस्यों ने निवर्तमान अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अपने गतिशील नेतृत्व और उत्कृष्ट योगदान से संस्था को आगे बढ़ाया।

# आईसीआईसीआई बैंक और वीज़ा ने शुरू की पहली अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) आधारित डेबिट कार्ड सेवा

## पीओएस और ई-कॉमर्स पर किए गए यूएसडी ट्रांजैक्शन पर शून्य मार्कअप शुल्क, दुनिया भर में मंजूरी, उन्नत सुरक्षा नियंत्रणों के साथ वीज़ा इनफिनिट की विशेष सुविधा

**मुंबई , एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक ने वीज़ा के साथ साझेदारी में गुजरात स्थित उभरते वैश्विक वित्तीय और आईटी सेवा केंद्र गिफ्ट सिटी में अपनी आईएफएससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) से भारत का पहला अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) आधारित डेबिट कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पहल बैंक की एनआरआई ग्राहकों के लिए नवाचारपूर्ण वैश्विक बैंकिंग समाधान उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

यह अपनी तरह का पहला डेबिट कार्ड है, जिसे आईसीआईसीआई बैंक के आईबीयू के माध्यम से उपलब्ध यूएसडी ग्लोबल सेविंग्स अकाउंट से जोड़ा गया है। वीज़ा के प्रीमियम इनफिनिट प्लेटफॉर्म पर आधारित यह कार्ड दुनिया भर में आसान और निर्बाध लेनदेन की सुविधा देता




है। इसके जरिए एनआरआई ग्राहक अपने बैंक खाते में जमा अमेरिकी डॉलर बचत का उपयोग दुनिया भर में एटीए, पीओएस और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कर सकते हैं। यह लॉन्च एनआरआई ग्राहकों के लिए सुरक्षित, आसान और प्रीमियम ऑफशोर भुगतान समाधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस लॉन्च पर आईसीआईसीआई बैंक के कार्ड्स और पेमेंट सॉल्यूशंस के प्रमुख श्री विपुल अग्रवाल ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक लगातार ऐसे नए और आधुनिक बैंकिंग समाधान विकसित करने पर ध्यान दे रहा है, जो एनआरआई ग्राहकों की बदलती वैश्विक वित्तीय जरूरतों को पूरा करें। वैश्विक गतिशीलता बढ़ने के साथ एनआरआई ग्राहकों को अक्सर करेंसी कन्वर्जन लागत और बिखरे हुए अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग अनुभव जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह यूएसडी आधारित डेबिट कार्ड ग्राहकों को उनकी डॉलर बचत तक आसान पहुंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वीज़ा के साथ हमारी साझेदारी हमें वैश्विक स्वीकार्यता के साथ प्रीमियम सुरक्षा और सेवा मानक उपलब्ध कराने में सक्षम बनाती है, साथ ही गिफ्ट सिटी को एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र के रूप में मजबूत करती है। वीज़ा के इंडिया कंट्री मैनेजर, श्री ऋषि छाबड़ा ने कहा- वीज़ा को आईसीआईसीआई बैंक के साथ साझेदारी करके गिफ्ट सिटी के ढ्ढस्नस्ष्ट से जारी होने वाला पहला स्ठ आधारित डेबिट कार्ड लॉन्च करने पर गर्व है, जिसे हमारे प्रीमियम वीज़ा इन्फिनिट प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है। जैसे-जैसे सीमा पार वित्तीय ज़रूरतें बढ़ रही हैं, यह समाधान अनिवासी भारतीयों को उनकी अमेरिकी डॉलर की बचत को अधिक सुविधा, पारदर्शिता और नियंत्रण के साथ वैश्विक स्तर पर खर्च करने में सक्षम बनाता है।

# 'सैमसंग एआई वीक' 2026 की घोषणा

## एआई-पावर्ड शॉपिंग एक्स्ट्रावैगेंज़ा 8 मई से शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** सैमसंग ने अपने प्रमुख शॉपिंग कार्निवल 'सैमसंग एआई वीक' की घोषणा की, जिसके तहत गैलेक्सीस्मार्टफोन्स, टैबलेट्स, लैपटॉप्स, वेयरेबल्स, एक्सेसरीज़, टीवी, मॉनिटर्स और डिजिटल अप्लायंसेज़ की व्यापक रेंज पर आकर्षक ऑफर्स दिए जा रहे हैं। यह ऑफर्स आज से सैमसंग .ष्श्वद्ब, सैमसंग शॉप ऐप और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर लाइव होंगे। इस वर्ष के संस्करण को भारतभर में प्रीमियम एआई -इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजी को अपनाने में तेजी लाने के उद्देश्य से रणनीतिक रूप से तैयार किया गया है।

'यूवर कम्पेशन टू आल लिविंग' थीम पर आधारित'सैमसंग एआई वीक' यह दर्शाता है कि एआई-पावर्ड डिवाइसेज़ किस तरह रोजमर्रा की जिंदगी में सहज रूप से शामिल हो सकते हैं। रियल-टाइम में भाषाओं का अनुवाद करने वाले स्मार्टफोन्स से लेकर कपड़ों के वजन के अनुसार पानी के उपयोग को ऑप्टिमाइज़ करने वाली वॉशिंग मशीनों तक, सैमसंग एक ऐसा



इंटेलिजेंट इकोसिस्टम तैयार कर रहा है जो दैनिक जीवन को और अधिक स्मार्ट बनाता है। यह विज़न सुनिश्चित करता है कि सभी कनेक्टेड डिवाइसेज़ मिलकर उपभोक्ताओं को अधिक स्मार्ट, सहज और प्रभावी अनुभव प्रदान करें, जिससे एआई-आधारित फ्लैगशिप इनोवेशंस देशभर के उपभोक्ताओं के लिए सुलभ बन सकें।

सैमसंग के सबसे उन्नत एआई-पावर्ड इनोवेशंस को आकर्षक ऑफर्स के साथ एक मंच पर लाते हुए,'सैमसंग एआई वीक' उपभोक्ताओं को बेहतरीन एक्सचेंज डील्स+ और शानदार लाभों के जरिए विभिन्न कैटेगरी में अधिक स्मार्ट और सहज अनुभवों में अपग्रेड करने का अवसर प्रदान करता है। आकर्षक फाइनेंसिंग विकल्पों और सीमित अवधि की उपलब्धता के साथ, यह सेल उपभोक्ताओं को प्रीमियम सैमसंग इनोवेशंस तक बेहतरीन वैल्यू पर पहुंचने का मजबूत अवसर देती है। 'सैमसंग एआई वीक' के दौरान, ग्राहक चुनिंदा गैलेक्सीस्मार्टफ़ोन पर 36 प्रतिशत तक की बचत का लाभ उठा सकते हैं। इनमें फ्लैगशिप गैलेक्सीस सीरीज़ के डिवाइस, गैलेक्सी जेड फोल्ड और गैलेक्सी॰ सीरीज़ व गैलेक्सीरू सीरीज़ के स्मार्टफ़ोन की एक विस्तृत रेंज शामिल है। ग्राहक 25,000 तक के इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट का लाभ भी उठा सकते हैं। जो ग्राहक चुनिंदा गैलेक्सी टैबलेट, वियरेबल्स और एक्सेसरीज़ खरीदना चाहते हैं, वे 60 प्रतिशत तक की छूट के साथ-साथ 5,000ट्ट तक का इंस्टेंट बैंक कैशबैक भी पा सकते हैं। इसके अलावा, गैलेक्सी क्ब्शश्वद्म सीरीज़ के लेटेस्ट लैपटॉप 37 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध हैं।

## यूडब्ल्यूए इंडिया ने सालाना स्कॉलरशिप देने का एक अहम ऐलान किया

**भोपाल।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया (यूडब्ल्यूए) ने यूडब्ल्यूए इंडिया के ज़रिए एक अहम स्कॉलरशिप प्रोग्राम का ऐलान किया है। यह भारतीय बाज़ार में अपने आप में सबसे बड़ी और अहम पहलों में से एक है। इस पहल से यूडब्ल्यूए की उस लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को और मज़बूती मिलती है, जिसके तहत वह अलग-अलग एकेडमिक, सामाजिक-आर्थिक और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि वाले होनहार स्टूडेंट्स के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एजुकेशन को ज़्यादा आसानी से उपलब्ध बनाना चाहता है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि स्कॉलरशिप देने की यह अहम प्रतिबद्धता भारत के प्रति यूडब्ल्यूए की गहरी और अटूट निष्ठा को दिखाती है। हम विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त यूडब्ल्यूए शिक्षा तक पहुंच का विस्तार कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आर्थिक तंगी किसी की भी महत्वाकांक्षाओं की राह में रोड़ा न बने। हमारा लक्ष्य पूरे भारत के प्रतिभाशाली छात्रों को सशक्त बनाना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें और वैश्विक स्तर पर करियर बनाने के लिए खुद को तैयार कर सकें। यूडब्ल्यूए इंडिया के लिए आवेदन अब खुले हैं। मुंबई और चेन्नई में अपने कैंपस के साथ, यूडब्ल्यूए इंडिया स्टेम, बिज़नेस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम की एक विस्तृत सीरीज़ पेश करेगा। मुख्य रूप से ट्यूशन फ़ीस में छूट के रूप में दी जाने वाली यह मल्टी-स्ट्रीम स्कॉलरशिप योजना अकादमिक योग्यता, आर्थिक ज़रूरत, नेतृत्व क्षमता और क्षेत्रीय समावेश को महत्व देती है। साथ ही, यह भारतीय नियामक ज़रूरतों और यूडब्ल्यूए के वैश्विक मानकों के अनुरूप भी है।



## शोर से दूर रहकर ही कलाकार बेहतर काम कर सकते हैं

# रकुल प्रीत

आज के समय में सोशल मीडिया कलाकारों के लिए यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है जहां लोकप्रियता भी मिलती है और आलोचना भी। एक तरफ जहां फैंस अपने पसंदीदा सितारों से जुड़ पाते हैं, वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन ट्रोलिंग भी तेजी से बढ़ रही हैं। इसी मुद्दे पर अब अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी बेबाक राय रखी। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभाव और उससे दूरी बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''एक कलाकार के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह सोशल मीडिया पर चल रहे शोर और लगातार आने वाली प्रतिक्रियाओं से खुद को अलग रखना सीखे। अगर कोई कलाकार इंटरनेट पर लिखी हर बात को दिल से लगाने लगे, तो उसका असर उसके काम और मानसिक स्थिति दोनों पर पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि उनको अपनी ऊर्जा अपने काम पर लगानी चाहिए।'' रकुल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ''जब मैंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब सोशल मीडिया इतना व्यापक नहीं था। उस समय कलाकारों को आज की तरह तुरंत प्रतिक्रिया नहीं मिलती थी, जिससे मानसिक दबाव भी कम रहता था। उस दौर में आलोचना और चर्चा का तरीका अलग था, जबकि आज के समय में हर व्यक्ति अपनी राय तुरंत और मुखर होकर सोशल मीडिया पर व्यक्त करता है।'' उन्होंने आगे कहा, ''कोरोना महामारी के बाद सोशल मीडिया का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। पिछले कुछ सालों में लोगों के पास ज्यादा समय था। इसका असर यह हुआ कि अब हर विषय पर लोगों की राय बहुत तेजी से सामने आती है और कलाकारों को लगातार आलोचना और टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है।''रकुल प्रीत सिंह ने कहा, ''एक अभिनेता को इस शोर से खुद को दूर रखना चाहिए। कलाकार का काम अभिनय करना और किरदार को बेहतर तरीके से निभाना है, न कि हर ऑनलाइन ट्रोलिंग का जवाब देना। अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया की हर बात को गंभीरता से लेने लगेगा, तो उसका ध्यान भटक जाएगा और उसका काम भी प्रभावित हो सकता है।''उन्होंने आगे कहा, ''मानसिक रूप से मजबूत रहना आज के समय में कलाकारों के लिए बहुत जरूरी है।



# अनिल कपूर
## की सेहत कैसे रहती है 'झकास'

विश्व योग दिवस के करीब आने के साथ ही भारत सरकार का आयुष मंत्रालय योग को आम जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। मंत्रालय विभिन्न योगासनों की जानकारी, उनके फायदे और सही विधि के साथ लोगों को योग अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसी क्रम में आयुष मंत्रालय ने बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर का एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पुराने वीडियो को पोस्ट करते हुए आयुष मंत्रालय ने कैप्शन में लिखा, 'अनिल कपूर की वेलनेस (तंदुरुस्ती) पर विचारों की एक झलक। वे योग को एक संवारने वाली शक्ति और मानवीय क्षमताओं को उजागर करने का एक माध्यम मानते हैं, जो हर किसी को बेहतरीन बनने में सक्षम बनाता है।' वहीं, वीडियो में अनिल कपूर अपनी फिटनेस का राज बताते हुए कहते हैं, 'मैं हर रोज योग करता हूं। योग को अपनाकर जीवन को उसकी पूरी क्षमता के साथ जिया जा सकता है। 'अभिनेता ने यह भी सलाह दी कि योग हमेशा उचित मार्गदर्शन और परामर्श के साथ ही करना चाहिए। 70 साल से ऊपर की उम्र में भी अनिल कपूर की एनर्जी और फिटनेस देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। योग न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन और आत्मा को भी संतुलित करता है। आयुष मंत्रालय पहले भी अमिताभ बच्चन के साथ ही कई सितारों, योग गुरुओं और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के माध्यम से योग की लोकप्रियता बढ़ाने का काम कर रहा है। 21 जून को मनाए जाने वाले विश्व योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। मंत्रालय का मानना है कि योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि पूरे समाज को स्वस्थ और सकारात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**बंदर का गाना 'क्यों मज़ा आ रहा है' हुआ रिलीज!**

## बॉबी देओल का इंटेंस अवतार और विषाल मिश्रा की आवाज ने जीता दिल




बॉबी देओल स्टारर बंदर के मेकर्स ने आखिरकार फिल्म का पहला ट्रैक 'क्यों मज़ा आ रहा है' रिलीज कर दिया है। अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण निखिल द्विवेदी ने सैफ्रन मैजिकवर्क्स के तहत ज़ी स्टूडियोज के साथ मिलकर किया है। फिल्म 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बंदर की दुनिया हर नए रिवील के साथ और ज्यादा इंटेंस होती जा रही है। धमाकेदार टीज़र से जबरदस्त चर्चा बटोरने के बाद अब फिल्म का पहला फुल सॉन्ग 'क्यों मज़ा आ रहा है' रिलीज हो चुका है। टीज़र में बॉबी देओल का वाइल्ड रेट्रो-रॉकस्टार अवतार, ग्रिटी विजुअल्स, इमोशनल कैओस और एक डार्क अनप्रेडिक्टेबल वर्ल्ड पहले ही सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में आ चुका था। इसके बाद 'क्यों मज़ा आ रहा है' के टीज़र ने भी दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी थी, जिसमें फिल्म के हिंसक और अराजक माहौल के पीछे छिपी इमोशनल उलझनों की झलक मिली थी। अब पूरा गाना सामने आने के बाद फैंस को फिल्म के इमोशनल कोर की एक और गहरी झलक मिल रही है। विषाल मिश्रा द्वारा गाया और कंपोज किया गया 'क्यों मज़ा आ रहा है' एक ऐसा रोमांटिक ट्रैक है जिसमें प्यार, चाहत, जुनून और इमोशनल डार्कनेस सब कुछ देखने को मिलता है। इसकी मेलोडी भले ही सॉफ्ट और पैशनेट हो, लेकिन विजुअल्स एक ऐसे रिश्ते को दिखाते हैं जो धीरे-धीरे इमोशनल टूटन की तरफ बढ़ रहा है। गाने में बॉबी देओल का किरदार एक अलग ही रूप में नजर आता है, वह प्यार में डूबा हुआ, कमजोर भी है और इमोशंस से पूरी तरह घिरा हुआ दिखता है। विषाल मिश्रा ने रोमांटिक म्यूजिक में अपनी शानदार लय को आगे बढ़ाया है। इससे पहले वह 'कैसे हुआ' (कबीर सिंह), 'तुम हो तो' (सैयारा) और 'दीवानियत' जैसे गानों से दिल जीत चुके हैं। अपनी सॉफ्ट आवाज और इमोशनल कंपोजिशन के साथ वह एक बार फिर ऐसा गाना लेकर आए हैं जो सुनते ही जुड़ जाता है और लंबे समय तक याद रहता है। अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बंदर, बॉबी देओल के साथ उनकी पहली कोलैबोरेशन है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा, सबा आज़ाद और अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। पाताल लोक, कोहरा और उड़ता पंजाब जैसी कहानियों के लिए जाने जाने वाले सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने इस फिल्म को लिखा है, जो इसे एक इमोशनली इंटेंस और मॉरल रूप से डार्क सिनेमैटिक एक्सपीरियंस बनाती है। यह कहानी फेम, स्कैंडल, डिजायर और पब्लिक डिस्ट्रक्शन की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म का निर्माण निखिल द्विवेदी की सैफ्रन मैजिकवर्क्स और ज़ी स्टूडियोज के साथ मिलकर किया गया है। बंदर 5 जून 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अमेरिकी नागरिकता की खबरों के बीच घिरे
# दिलजीत दोसांझ



दुनियाभर में 'मैं हूं पंजाब' का नारा बुलंद करने वाले मशहूर पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ इन दिनों एक नई विवादित रिपोर्ट को लेकर सुर्खियों में हैं। जहां हाल ही में उनके पंजाब की राजनीति में आने की चर्चाएं तेज थीं, वहीं अब सामने आई रिपोर्ट ने सभी को चौंका दिया है। दावा किया जा रहा है कि दिलजीत अब कानूनी रूप से भारतीय नागरिक नहीं रहे और उन्होंने कथित तौर पर अमेरिकी नागरिकता हासिल कर ली है। रिपोर्ट के अनुसार दिलजीत ने साल 2022 में गुपचुप तरीके से अमेरिका की नागरिकता ले ली थी और अब वे अमेरिकी पासपोर्ट पर यात्रा करते हैं। बताया जा रहा है कि 1 सितंबर 2022 के बाद से वे ई-वीजा के जरिए भारत आ रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि उनके पास ओसीआई (भारतीय मूल के विदेशी नागरिक) कार्ड भी नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, उनका आखिरी भारतीय पासपोर्ट वर्ष 2018 में मुंबई से जारी हुआ था, जिसे बाद में सरेंडर कर दिया गया। इससे पहले उनका एक पासपोर्ट जाम्बिया से जारी होने की बात भी सामने आई है।

## आमिर खान का बेटा होने से मिलता है काम : जुनैद खान



आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने बॉलीवुड में नेपोटिज्म और स्टार किड्स को मिलने वाले फायदों पर खुलकर बात की है। जुनैद की शुरुआती दो फिल्में 'लव्यापा' और 'एक दिन' बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाईं, लेकिन इसके बावजूद उनके पास काम की कमी नहीं है। जुनैद ने स्वीकार किया कि उन्हें आमिर खान का बेटा होने की वजह से इंडस्ट्री में आसानी से मौके मिल रहे हैं। एक इंटरव्यू में जुनैद ने अपनी प्रिविलेज को माना। उन्होंने कहा, 'नेपोटिज्म शब्द मुझे परेशान नहीं करता क्योंकि यह सच है। मुझे आमिर खान का बेटा होने की वजह से बहुत काम मिलता है।' जुनैद का मानना है कि स्टार किड्स दर्शकों के लिए पहले से ही पहचाने हुए चेहरे होते हैं, जिससे प्रोड्यूसर्स के लिए फिल्म को मार्केट करना और बेचना आसान हो जाता है। कास्टिंग के मुद्दे पर बात करते हुए जुनैद ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में टैलेंट से ज्यादा मार्केटबिलिटी (बिकने की क्षमता) को अहमियत दी जाती है।

# सोनाली कुलकर्णी
## ने लॉन्च किया 'हाफ टिकट फुल नागरिक' पॉडकास्ट
## बच्चों की सोच और आवाज को मिलेगा नया मंच



मराठी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी ने एक नया पॉडकास्ट शो शुरू किया है, जिसका नाम 'हाफ टिकट फुल नागरिक' रखा गया है। इस शो का मकसद बच्चों और युवाओं की आवाज को एक मंच देना और उनकी सोच को समाज के सामने लाना है। सोनाली कुलकर्णी ने इस पॉडकास्ट को लॉन्च करते हुए कहा, ''मुझे हमेशा से ही युवा पीढ़ी और बच्चों के विचार बहुत आकर्षित करते रहे हैं। बच्चे बेहद रचनात्मक होते हैं और उनके पास दुनिया को देखने का एक अलग नजरिया होता है। वे बिना किसी डर के अपनी बात रखते हैं और उनकी सोच में एक मासूमियत और ईमानदारी होती है, जो अक्सर बड़ों में कम देखने को मिलती है। यही कारण है कि उनकी सोच को गंभीरता से सुना जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''समाज में अक्सर एक आदत बन गई है कि जब भी कोई फैसला लेना होता है, चाहे वह परिवार से जुड़ा हो, सफर की योजना हो या फिर पैसों से जुड़ी बात हो, बच्चों की राय को नजरअंदाज कर दिया जाता है। कई बार उन्हें केवल इसलिए शामिल नहीं किया जाता, क्योंकि वे छोटे हैं। यही रवैया धीरे-धीरे बच्चों पर मानसिक दबाव और भावनात्मक अनदेखी का कारण बन सकता है, जिसे बदलने की जरूरत है।'' सोनाली कुलकर्णी ने कहा, ''बच्चे सिर्फ भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान का भी अहम हिस्सा हैं। वे समाज में खुशी, संतुलन और नई ऊर्जा लेकर आते हैं। इसलिए जरूरी है कि उनकी मासूमियत को सुरक्षित रखा जाए, लेकिन साथ ही उन्हें फैसले लेने और अपनी बात रखने का अधिकार भी दिया जाए। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए मैंने इस पॉडकास्ट को एक अलग बातचीत के रूप में डिजाइन किया है।'' उन्होंने कहा, ''इस शो के हर एपिसोड की शुरुआत किसी बड़े व्यक्ति जैसे माता-पिता, शिक्षक या मनोवैज्ञानिक से बातचीत के साथ होगी, ताकि विषय को एक संतुलित दृष्टिकोण मिल सके। इसके बाद मुख्य बातचीत बच्चों के साथ होगी, जिन्हें शो में 'हाफ टिकट' कहा जाएगा। ये बच्चे धीरे-धीरे 'पूर्ण नागरिक' बनने की यात्रा में होंगे और अपने विचार खुलकर साझा करेंगे।''



## अरशद वारसी और शरमन जोशी ने रीक्रिएट किया 2006 का आइकॉनिक सीन

निर्देशक रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' 'फ्रेंचाइजी' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार है। अभिनेता अरशद वारसी ने आगामी फिल्म की छोटी सी झलक पेश की, जिसने अगले भाग के लिए फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। अरशद वारसी ने इंस्टाग्राम पर साल 2006 में आई फिल्म 'गोलमालः फन अनलिमिटेड' के रेस कार कॉम्पटिशन सीन को रीक्रिएट किया। इस वीडियो में अरशद के साथ अभिनेता शरमन जोशी भी नजर आ रहे हैं। दरअसल, इस वीडियो में ट्रांजिशन का इस्तेमाल किया गया है। रोहित, अरशद और शरमन ने 'गोलमालः फन अनलिमिटेड' का वह सीन शेयर किया, जो 2006 में रिलीज हुई थी। इस सीन में अरशद (जो माधव का किरदार निभा रहे हैं) और शरमन (जिन्होंने लक्ष्मण का किरदार निभाया है) एक मजेदार कार रेस में हिस्सा लेते हैं, जिसका मकसद निराली नामक लड़की का दिल जीतना होता है। इस खास सीन में, शरमन का किरदार (जो एक महिला के भेष में है) और माधव एक रेस कार में बैठे हुए और 'हाय' करते हुए नजर आते हैं। फिर वीडियो 20 साल पहले के उनके किरदारों से आज के समय में बदल जाता है और उसी मशहूर हाथ हिलाने वाले सीन को फिर से दिखाता है। वीडियो शेयर कर अरशद ने लिखा, '20 साल बीत गए, लेकिन कुछ भी नहीं बदला। गोलमाल आज भी आपको हंसाने और मनोरंजन करने में सबसे आगे है। ' वहीं, रोहित ने वीडियो शेयर कर लिखा, 'यादों के सफर पर फिर से निकल पड़े। आपकी उम्र कितनी थी जब आपने पहली बार गोलमाल देखी थी? हम वादा करते हैं, आप बहुत जल्द उन खुशियों भरे दिनों को फिर से जीने वाले हैं... शूटिंग जारी है। 'शरमन जोशी ने वीडियो शेयर कर लिखा, 'सभी थ्रोबैक का बाप है।' रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित कॉमेडी 'गोलमाल 5' में अजय देवगन और अक्षय कुमार मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म अपने पुराने सितारों (अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू, श्रेयस तलपड़े) के साथ आ रही है और इसमें शरमन जोशी की वापसी भी हो रही है। इसकी शूटिंग ऊटी में शुरू हो चुकी है।

(साभार एजेंसी)

### कोहली ने पाकिस्तानी खिलाड़ी साहिबजादा फरहान समेत 4 बैटर का यह रिकॉर्ड तोड़ा

# ध्वस्त किया गेल का वर्ल्ड रिकॉर्ड




**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने आईपीएल 2026 के 57वें मैच में केकेआर के खिलाफ गजब की पारी खेली और शतक (नाबाद 105 रन) लगाया।

केकेआर के खिलाफ पहले दो मैचों में डक पर आउट होने वाले कोहली ने क्या गजब की वापसी की और अपने आईपीएल करियर का 9वां शतक लगा दिया। यही नहीं ये कोहली को टी20 क्रिकेट करियर का 10वां शतक भी रहा। कोहली ने इस शतकीय पारी के दम पर पाकिस्तानी खिलाड़ी साहिबजादा फरहान समेत 4 बैटर्स का यह रिकॉर्ड तोड़ा जबकि क्रिस गेल के वर्ल्ड रिकॉर्ड को भी ध्वस्त कर दिया।

### टी20 क्रिकेट में 14,000 रन भी पूरे किए

कोहली ने केकेआर के खिलाफ अपनी नाबाद 105 रन की पारी के दौरान टी20 क्रिकेट में 14,000 रन भी पूरे किए। वो अब टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 14 हजार रन बनाने वाले बैटर बने। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। गेल ने ये कमाल 423 पारियों में किया था जबकि कोहली ने ऐसा सिर्फ 409 पारियों में किया।

### कोहली ने डेविड वॉर्नर की बराबरी कर ली जिन्होंने टी20 में 10 शतक लगाए थे

कोहली ने केकेआर के खिलाफ जो शतक लगाया ये उनके टी20 करियर का 10वां शतक रहा। उन्होंने साहिबजादा फरहान, अभिषेक शर्मा, क्विंटन डिकॉक और रिली रोसो को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने टी20 क्रिकेट में अब तक 9-9 शतक लगाए हैं। कोहली ने डेविड वॉर्नर की बराबरी कर ली जिन्होंने टी20 में 10 शतक लगाए थे और इस प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वॉर्नर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर आ गए।

### सबसे कम पारियों में 14 हजार रन

- 409 पारी - विराट कोहली
- 431 पारी - डेविड वॉर्नर
- 505 पारी - एलेक्स हेल्स
- 423 पारी - क्रिस गेल
- 468 पारी - जोस बटलर
- 633 पारी - कीरोन पोलार्ड

### कोहली ने रोहित की कर ली बराबरी

केकेआर के खिलाफ नाबाद 105 रन की पारी खेलने वाले कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आईपीएल में ये उनका 21वां प्लेयर ऑफ द मैच खिताब रहा और उन्होंने रोहित शर्मा की बराबरी कर ली। इस लीग में वो अब रोहित के साथ सबसे ज्यादा बार ये खिताब जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। दूसरे नंबर पर एमएस धोनी हैं।

### सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच खिताब जीतने वाले भारतीय

21 - विराट कोहली
21 - रोहित शर्मा
18 - एमएस धोनी
17 - रवींद्र जडेजा
17 - केएल राहुल
16 - यूसुफ पठान



### आईपीएल में 9वें शतक के साथ विराट कोहली ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

आईपीएल 2026 के 57वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 6 विकेट से हराया। आरसीबी की इस जीत के नायक विराट कोहली रहे, जिन्होंने 105 रनों की नाबाद पारी खेली। कोहली ने अपनी इस शतकीय पारी के साथ रिकॉर्ड्स की झड़ी लगाई। कोहली ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 60 गेंदों की अपनी पारी में 175 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 11 चौके और 3 छक्के लगाए। उन्होंने देवदत्त पडिक्कल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 59 गेंदों में 92 रनों की अहम साझेदारी निभाई। आईपीएल में यह कोहली का 9वां शतक है। विराट ने केकेआर के खिलाफ यह आईपीएल में दूसरा शतक लगाया।



कोहली ने इस लीग में एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में जोस बटलर की बराबरी कर ली है। बटलर ने केकेआर और आरसीबी के खिलाफ दो-दो शतक लगाए हैं। आईपीएल में रनों का पीछा करते हुए विराट कोहली संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। चेज करते हुए विराट ने यह तीसरा शतक लगाया। कोहली के अलावा यह कारनामा सिर्फ जोस बटलर ही कर सके हैं। विराट टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। कोहली के बल्ले से टी20 क्रिकेट में यह 10वां शतक निकला। विराट आईपीएल में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं।

## महिला टी-20 वर्ल्ड कप का वॉर्म-अप शेड्यूल जारी

### कार्डिफ में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज से भिड़ेगी टीम इंडिया, 6 जून से शुरू होंगे अभ्यास मैच




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी ने महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के वॉर्म-अप मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है। मुख्य टूर्नामेंट से पहले सभी 12 टीमें 6 से 10 जून के बीच अभ्यास मैच खेलेंगी। भारतीय महिला टीम अपने दोनों वॉर्म-अप मैच कार्डिफ में खेलेगी। टीम इंडिया का सामना इंग्लैंड और वेस्टइंडीज से होगा। टूर्नामेंट 12 जून से एजबेस्टन में शुरू होगा। भारत अपना पहला ग्रुप मैच 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। टीम इंडिया 8 जून को वेस्टइंडीज और 10 जून को इंग्लैंड से भिड़ेगी भारतीय महिला टीम के लिए ये वॉर्म-अप मैच अहम होंगे। भारत 8 जून को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला अभ्यास मैच खेलेगा।इसके बाद 10 जून को टीम इंडिया का सामना मेजबान इंग्लैंड से होगा। दोनों मैच कार्डिफ में खेले जाएंगे। भारतीय खिलाड़ियों के पास इंग्लैंड की परिस्थितियों और पिचों को समझने का अच्छा मौका होगा।

**कार्डिफ, डर्बी और लॉफबरो में खेले जाएंगे 12 मैच–** आईसीसी ने अभ्यास मैचों के लिए इंग्लैंड के डर्बी, लॉफबरो और कार्डिफ को चुना है। 6 जून से शुरू होने वाले वॉर्म-अप मैचों के पहले दिन आठ टीमें मैदान पर उतरेंगी।

## 36 साल के मनीष पांडे ने पकड़ा हैरतअंगेज कैच

- **विराट कोहली ने खास अंदाज में की सराहना**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 57वें मैच में आरसीबी और केकेआर के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। इस मैच में 36 वर्षीय मनीष पांडे ने पॉइंट पर टिम डेविड का ऐसा हैरतअंगेज कैच पकड़ा जिसे देख हर कोई हैरान था। गेंदबाज को खुद भरोसा नहीं था कि ऐसा कैच हो गया। बल्लेबाज, डगआउट में बैठे खिलाड़ी और नॉन स्ट्राइकिंग एंड पर खड़े विराट कोहली भी इस कैच से हैरान थे। विराट ने खास अंदाज में इसकी सराहना भी की।

यह वाकिया था आरसीबी की पारी के 18वें ओवर का जब गेंदबाजी कार्तिक शर्मा कर रहे थे और टिम डेविड





बल्लेबाज थे। डेविड ने कट करने का प्रयास किया और पॉइंट पर खड़े मनीष पांडे ने अपनी बाईं ओर किसी पक्षी की तरह उड़ते हुए छलांग लगाई और एक हाथ से हैरतअंगेज कैच पकड़ लिया। इसके बाद रिप्ले में दिखाया गया कि विराट कोहली ने खास अंदाज में उन्हें सराहा। विराट कोहली और मनीष पांडे कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जो 2008 से लगातार आईपीएल का हिस्सा हैं। यही कारण है कि दोनों की दोस्ती और आपस में सम्मान का नजारा इस मैच में देखने को मिला। मनीष के शानदार कैच के बाद विराट कोहली ने उन्हें सराहा और हाथ मिलाते हुए औपचारिक तौर पर गले भी लगाया। सोशल मीडिया पर आग की तरह मनीष के कैच का वीडियो फैल गया और लोगों ने जमकर तारीफ की।

**आरसीबी बनी नंबर एक टीम–** इस मैच में आरसीबी ने केकेआर को 6 विकेट से हराकर अंकतालिका में नंबर 1 पोजिशन पर कब्जा किया और प्लेऑफ की दावेदारी को मजबूत कर लिया।

### इटेलियन ओपन

## लुसियानो डार्डेरी ने राफेल को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**रोम (एजेंसी)।** Luciano Darderi ने इटेलियन ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। रोम में खेले गए देर रात के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में डार्डेरी ने युवा स्पेनिश खिलाड़ी Rafael Jodar को 7-6(5), 5-7, 6-0 से हराया। करीब तीन घंटे आठ मिनट तक चले इस मुकाबले में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले। मैच रात 2:02 बजे खत्म हुआ। इस जीत के साथ 24 वर्षीय डार्डेरी ओपन एरा में रोम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले आठवें इतालवी खिलाड़ी बन गए।



**सेमीफाइनल में कैस्पर रूड से भिड़ेंगे –** अब डार्डेरी का सामना सेमीफाइनल में Casper Ruud से होगा। मैच जीतने के बाद डार्डेरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह मेरे करियर की सबसे बेहतरीन जीत है। रोम की भीड़ और यहां का माहौल शानदार था। पहली बार यहां सेमीफाइनल में पहुंचना किसी सपने जैसा है।' उन्होंने युवा खिलाड़ी जोडार की भी तारीफ करते हुए कहा, 'राफा कमाल के खिलाड़ी हैं। वह सिर्फ 19 साल के हैं और उन्होंने शानदार टेनिस खेला। दूसरे सेट में उन्होंने जबरदस्त वापसी की, लेकिन मैं लगातार लड़ता रहा।'

### पहले सेट में डार्डेरी का दबदबा

मुकाबले की शुरुआत से ही डार्डेरी आक्रामक नजर आए और उन्होंने जल्दी 3-1 की बढ़त बना ली। हालांकि जोडार ने शानदार वापसी करते हुए बेसलाइन से दमदार शॉट लगाए और मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। पहले सेट के दौरान कोपा इटालिया फुटबॉल फाइनल के कारण स्टेडियम के पास धुआं फैल गया, जिसकी वजह से मैच कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। खेल दोबारा शुरू होने के बाद डार्डेरी ने शानदार खेल दिखाया और टाईब्रेक में पहला सेट अपने नाम कर लिया।

## भारत के खिलाफ खेला आखिरी टेस्ट, इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर डॉसन ने अचानक लिया संन्यास

**लंदन (एजेंसी)।** डॉसन ने फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड के अनुभवी ऑलराउंडर ने यह फैसला अपने व्हाइट-बॉल करियर को लंबा करने के लिए लिया। डॉसन ने आखिरी बार 2025 में भारत के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान टेस्ट क्रिकेट खेला था। इंग्लैंड द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित किए जाने के दिन ही डॉसन ने रेड-बॉल क्रिकेट छोड़ने का फैसला सुनाया।

**'यह फैसला आसान नहीं था'** – 36 वर्षीय डॉसन ने बयान जारी कर कहा, 'मैंने फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह आसान फैसला नहीं था, लेकिन मुझे लगता है कि अपने व्हाइट-बॉल करियर को लंबा करने के लिए यही सही समय है।' उन्होंने आगे कहा, 'हैम्पशायर के लिए 200 से ज्यादा मैच खेलना मेरे लिए गर्व की बात है। इतने सालों में खिलाड़ियों के साथ कई शानदार यादें जुड़ी हैं। मैं अब भी हैम्पशायर के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेलने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।'

**फैंस को कहा धन्यवाद** – डॉसन ने अपने प्रशंसकों और क्लब सदस्यों का भी आभार जताया। 'सालों से मुझे समर्थन देने वाले सभी फैंस और सदस्यों का मैं दिल से धन्यवाद करता हूं। हैम्पशायर हमेशा मेरा घर रहेगा और मैं जल्द ही यूटिलिटा बाउल में फिर




खेलते हुए नजर आऊंगा।'

**टेस्ट करियर रहा छोटा** – इंग्लैड क्रिकेट टीम के लिए लियाम डॉसन ने 2016 में टेस्ट डेब्यू किया था, लेकिन एक दशक लंबे करियर में उन्हें सिर्फ चार टेस्ट मैच खेलने का मौका मिला। उन्होंने चार टेस्ट में 54.75 की औसत से 8 विकेट लिए, जिसमें एक पारी में चार विकेट शामिल रहे। बल्लेबाजी में उन्होंने 7 पारियों में 110 रन बनाए, जिसमें नाबाद 66 रन की पारी भी शामिल है।

**हैम्पशायर के दिग्गज खिलाड़ियों में शामिल** – हालांकि फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में डॉसन का रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा। हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के लिए वह इतिहास के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। 211 मैचों में उन्होंने 34.17 की औसत से 10,424 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 54 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर के तौर पर उन्होंने 32.36 की औसत से 361 विकेट झटके, जिसमें 14 बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल रहा।

**हैम्पशायर क्रिकेट ने दी भावुक विदाई–** हैम्पशायर के क्रिकेट डायरेक्टर गिल्स व्हाइटस ने कहा, 'लियाम हैम्पशायर क्रिकेट के शानदार खिलाड़ी रहे हैं। इस काउंटी के लिए 200 से ज्यादा फर्स्ट-क्लास मैच खेलना उनकी मेहनत और गुणवत्ता को दिखाता है।' उन्होंने आगे कहा, 'उनकी कमी टीम में साफ महसूस होगी। आधुनिक दौर में वह हैम्पशायर के इकलौते खिलाड़ी हैं जिन्होंने क्लब के लिए 200 से ज्यादा फर्स्ट-क्लास मैच खेले, जो बेहद खास उपलब्धि है।'




## सीएसके को प्लेऑफ की रेस के बीच बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 57 मुकाबले हो चुके हैं और प्लेऑफ की रेस रोचक भी रोचक हो चुकी है। उसी बीच चेन्नई सुपर किंग्स जिसके लिए प्लेऑफ का समीकरण काफी दिलचस्प है उसे बड़ा झटका लगा है। टीम शुरू से ही इंजरी की समस्याओं से जूझ रही है। अब सीजन के अहम मोड़ पर टीम के धाकड़ खिलाड़ी जेमी ओवरटन जांघ में चोट के कारण अपने देश लौट गए हैं। ओवरटन ने इस सीजन चेन्नई के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जेमी ओवरटन ने सीजन के 10 मैचों में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 136 रन बनाए और 14 विकेट झटके हैं। ऐसे में जब प्लेऑफ के टिकट के लिए उठापटक जारी है, उस समय ओवरटन का टीम से बाहर होना, पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। इससे पहले टीम खलील अहमद को भी बीच सीजन इंजरी के कारण गंवा चुकी हैं और इन फॉर्म युवा खिलाड़ी आयुष

# खिलाड़ियों का पैसा अफसरों की खेल सुविधाओं पर खर्च

### स्विमिंग पूल और टेनिस कोर्ट बनाए; ओलिंपिक मेडलिस्ट तैयार करने बना था एनएसडीएफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिस पैसे से ओलिंपिक मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को ट्रेनिंग मिलनी थी, उससे दिल्ली के बड़े अधिकारी अपने रिहायशी इलाकों में स्विमिंग पूल और टेनिस कोर्ट चमका रहे हैं। यह खुलासा मीडिया की एक रिपोर्ट में हुआ है। इसके अनुसार नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फंड (एनएसडीएफ) का करोड़ों रुपया ब्यूरोक्रेट्स की सोसायटियों और क्लबों में डाइवर्ट किया गया। दावा है कि खेल फैसिलिटी के लिए आवंटित इस फंड का एक हिस्सा सिविल सेवा संस्थानों और नौकरशाहों की दिल्ली स्थिति कॉलोनियों के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खर्च हुआ है। इतना ही नहीं, राजस्थान और



छत्तीसगढ़ की ऋस्र से जुड़ी 2 संस्थाओं और एशिया व कैरेबियाई क्षेत्र के कुछ छोटे क्रिकेट बोर्ड पर भी पैसा खर्च किया गया।

**एनएसडीएफ से टॉप्स जैसी स्कीम चलती हैं** – एनएसडीएफ भारत सरकार का विशेष फंड है, जिसका उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को फाइनेंशियल सपोर्ट देना है। इसकी स्थापना नवंबर 1998 में हुई थी। एनएसडीएफ से टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम जैसी स्कीम चलाई जाती हैं। एनएसडीएफ फंड का संचालन केंद्रीय खेल मंत्री की देखरेख में 12 मेंबर्स की काउंसिल करती है। हालांकि, अनुदान प्रस्तावों को मंजूरी खेल मंत्रालय की 6 अधिकारियों की कमेटी देती है। यानी उसी सिस्टम के लोग इन अनुदानों से लाभान्वित होते हैं।

**न्यू मोती बाग में टैम्परेचर-कंट्रोल्ड स्विमिंग पूल बना** – लुटियंस दिल्ली के न्यू मोती बाग जैसे पॉश इलाकों में एनएसडीएफ के पैसे से टैम्परेचर-कंट्रोल्ड स्विमिंग पूल और आलीशान टेनिस कोर्ट बनाए गए हैं। स्पोर्ट्स अथॉरिटी के डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक 2021 से 2025 के बीच 6.7 करोड़ रुपए सेंक्शन किए गए। इनमें से 6.2 करोड़ सिविल सर्विस ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, सिविल सर्विसेस कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड और न्यू मोती बाग रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में खर्च हुए।

### 2019 में खेलो इंडिया योजना का 2.8 करोड़ खर्च हुआ था

रिकॉर्ड्स के मुताबिक, 2024 में ह्रस्ष्ठस्न अनुदान आवेदनों की जांच करने वाली 6 मेंबर्स की कमेटी के पास एक प्रस्ताव पहुंचा। यह प्रस्ताव कई सीनियर ब्यूरोक्रेट्स की रिहायशी कॉलोनी के लिए था। कॉलोनी दिल्ली के बीचोंबीच स्थित है, कड़ी सुरक्षा में रहती है और 100 एकड़ में फैली है। यह पहली बार नहीं था जब खिलाड़ियों का पैसा न्यू मोती बाग में खर्च हुआ हो। इससे पहले 31 जुलाई 2019 को साई ने खेलो इंडिया योजना के तहत न्यू मोती बाग कॉम्प्लेक्स में खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए 2.8 करोड़ रुपए मंजूर किए थे।

# चीन-अमेरिका संबंधों के लिए 2026 ऐतिहासिक, मील का पत्थर साबित होने वाले साल होगा : शी चिनफिंग

» बीजिंग, भाषा।

**चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बीजिंग स्थित ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में वार्ता के लिए स्वागत किया और कहा कि 2026 चीन-अमेरिका संबंधों के लिए ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होने वाला साल होगा। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के नेताओं के बीच बृहस्पतिवार और शुक्रवार को कई दौर की बातचीत होनी है। ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल चीन की राजधानी बीजिंग में स्थित एक भव्य सरकारी भवन और राष्ट्रीय सभा स्थल है। शी ने ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल पहुंचने पर ट्रंप का स्वागत किया और उनका चीनी अधिकारियों से परिचय कराया। इसके बाद शी ने ट्रंप के साथ आए अमेरिकी अधिकारियों से हाथ मिलाया। बाद में दोनों नेताओं ने एक साथ सलामी गारद का निरीक्षण किया और फिर वार्ता के लिए रवाना हुए।**



बैठक की शुरुआत में शी चिनफिंग ने ट्रंप से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 2026 चीन-अमेरिका संबंधों के लिए ऐतिहासिक और निर्णायक वर्ष साबित होगा। उन्होंने कहा कि चीन और अमेरिका को मिलकर इस दौर की चुनौतियों का जवाब देना चाहिए। दोनों नेताओं के बीच बीजिंग में हो रही इस बैठक पर दुनियाभर की नजरें टिकी हुई हैं। सरकारी मीडिया ने बताया कि ट्रंप ने कहा कि वह राष्ट्रपति शी के साथ बड़ी चर्चा को लेकर उत्साहित हैं। ट्रंप बुधवार रात बीजिंग पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान शी और ट्रंप के बीच ईरान युद्ध, व्यापार, तकनीक और ताइवान समेत कई विवादित मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। बीजिंग हवाई अड्डे पर ट्रंप का स्वागत चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग ने किया, जिसे कूटनीतिक प्रोटोकॉल से हटकर एक दुर्लभ सम्मान माना जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, चीन आने वाले अधिकतर शीर्ष नेताओं का स्वागत आम तौर पर स्टेट काउंसिलर करते हैं जो सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी का एक वरिष्ठ पद है। यहां तक कि शी के करीबी सहयोगी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत भी ऐसे ही किया गया था। विश्लेषकों का मानना है कि उपराष्ट्रपति हान झेंग को ट्रंप के स्वागत के लिए भेजकर चीन ने उनकी यात्रा के महत्व का संदेश दिया है। ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप, बहू लारा ट्रंप और टेस्ला प्रमुख एलन मस्क भी एयर फोर्स वन से उनके साथ उतरे। चीन यात्रा पर ट्रंप के साथ अमेरिका के कई बड़े कारोबारी नेता भी आए हैं। इनमें एनवीडिया के जेन्सन हुआंग, एप्पल के टिम कुक, टेस्ला और स्पेसएक्स के मस्क और ब्लैक रॉक के लैरी फिंक सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, मैं असाधारण नेतृत्व क्षमता वाले नेता राष्ट्रपति शी से आग्रह करूंगा कि वे चीन को अधिक क्षेत्रों के लिए खोलें, ताकि ये प्रतिभाशाली लोग अपनी क्षमता दिखा सकें।



## ट्रंप और चिनफिंग ने ईरान और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर चर्चा की

**बीजिंग, भाषा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के बीच बृहस्पतिवार को हुई बातचीत के दौरान वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की आवश्यकता पर सहमति जताई। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने बैठक का विवरण देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चिनफिंग ने जलडमरूमध्य को पार करने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने का भी विरोध किया, जो अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद से प्रभावी रूप से बंद है।अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया कि चिनफिंग ने खाड़ी के तेल पर भविष्य में चीन की निर्भरता को कम करने के लिए चीन द्वारा अधिक अमेरिकी तेल खरीदने को लेकर भी रुचि दिखाई। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने अमेरिका में फेंटानिल प्रीकर्सर रसायनों के निर्यात को बढ़ाने और कम करने और अमेरिकी कृषि उत्पादों की चीनी खरीद बढ़ाने पर भी चर्चा की।

## ट्रंप, शी ने अब तक की सबसे बड़ी शिखर बैठक की




**बीजिंग, भाषा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के उनके समकक्ष शी चिनफिंग ने ईरान युद्ध और द्विपक्षीय व्यापारिक मतभेदों समेत कई मुद्दों पर बृहस्पतिवार को चर्चा शुरू की। ट्रंप ने इसे अब तक की सबसे बड़ी शिखर बैठक बताया। बीजिंग पहुंचने पर ट्रंप का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने बृहस्पतिवार को शी चिनफिंग के साथ अपनी पहली बैठक में कहा कि वह उनके साथ बड़ी चर्चा को लेकर उत्साहित हैं। बीजिंग स्थित ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में शी चिनफिंग के साथ वार्ता के दौरान ट्रंप ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा, कुछ लोग कहते हैं कि यह शायद अब तक का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, ट्रंप ने शी चिनफिंग को कई बार महान नेता बताया। दोनों नेताओं के बीच पहली बैठक दो घंटे से अधिक समय तक चली। शी ने कहा कि दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे की सफलता और समृद्धि में सहयोग करना चाहिए तथा बड़ी शक्तियों के बीच बेहतर संबंधों का सही रास्ता खोजना चाहिए। ट्रंप के साथ अमेरिका के कई बड़े कारोबारी नेता भी आए हैं। शी ने ट्रंप का औपचारिक सलामी गारद के साथ स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 2026 चीन-अमेरिका संबंधों में ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होने वाला वर्ष होगा, जो दोनों देशों के रिश्तों में नया अध्याय शुरू करेगा।

# यूएई के तट के पास जहाज पर कब्जे की खबर ईरानी जलक्षेत्र की ओर बढ़ रहा है : ब्रिटिश सेना

» दुबई, भाषा।

**ब्रिटेन की सेना ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पूर्वी तट पर लंगर डाले एक जहाज पर कब्जा कर लिया गया है और वह ईरानी जलक्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स (यूकेएमटीओ) केंद्र ने कहा कि उसे खबर मिली है कि जहाज पर अनधिकृत लोगों ने उस समय कब्जा कर लिया जब वह होर्मुज जलडमरूमध्य के पास यूएई के फुजैरा बंदरगाह से 38 नॉटिकल मील (70 किलोमीटर) दूर उत्तर-पूर्व में लंगर डाले हुए था। जहाज पर कब्जा ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीजिंग के अपने दौरे पर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की।**



यह घटनाक्रम ऐसे समय में भी हुआ है जब कुछ घंटे पहले ही इजराइल ने कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ इजराइल-अमेरिका युद्ध के दौरान चुपके से यूएई का दौरा किया था, हालांकि यूएई ने तुरंत इस बात से इनकार कर दिया कि कोई गुप्त यात्रा हुई थी। खाड़ी देश ने 2020 में इजराइल के साथ रिश्ते सामान्य किए थे। ईरान ने उस समझौते की आलोचना की है और वर्षों से बार-बार यह कहा है कि इजराइल की यूएई में सैन्य और खुफिया मौजूदगी है। रिश्ते सामान्य होने के बाद हाल के सालों में इजराइली नेताओं ने कभी-कभी यूएई का दौरा किया है। यूकेएमटीओ ने जहाज का नाम नहीं बताया और कहा कि वह जांच कर रहा है। जहाज को बंधक बनाने की जिम्मेदारी अभी किसी ने नहीं ली है। फुजैरा एक महत्वपूर्ण तेल निर्यात टर्मिनल है और फारस की खाड़ी के बाहर यूएई का मुख्य बंदरगाह है। ईरान के साथ युद्ध के दौरान इस पर कई बार हमला हुआ है। युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने कई जहाजों पर कब्जा किया है। सरकारी इरना समाचार एजेंसी के मुताबिक, पिछले सप्ताह ईरान की नौसेना ने ओशन कोई नाम के एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया था। उसका कहना था कि यह मालवाहक जहाज तेल निर्यात और ईरानी हितों में रुकावट डालने की कोशिश कर रहा था। उसने कहा कि टैंकर को ओमान की खाड़ी में जब्त किया गया था और जब उसे ईरान के दक्षिणी तट पर ले जाया गया, तो उसमें ईरानी तेल था।

# रूस ने कीव पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए, एक व्यक्ति की मौत

**कीव, भाषा।** रूस ने बृहस्पतिवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की प्रधानमंत्री यूलिया स्विरिडेंको ने कहा कि हमले में रिहायशी इमारतों और नागरिक ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। यूक्रेन की वायुसेना ने दावा किया कि उसने रातभर में रूस द्वारा दागे गए 693 हथियारों को मार गिराया या निष्क्रिय कर दिया जिनमें 652 ड्रोन और 41 मिसाइलें शामिल थीं। हालांकि, 15 मिसाइलें और 23 ड्रोन 24 स्थानों पर सीधे जाकर गिरे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, यह उन लोगों की कार्वाई नहीं है जो मानते हैं कि युद्ध खत्म होने वाला है। कीव के छह जिलों में नुकसान पहुंचा। डार्नित्सिया जिले में एक बहुमंजिला इमारत का हिस्सा ढह गया, जिसके मलबे में कई लोग दब गए। राहतकर्मियों ने कम से कम 27 लोगों को बाहर निकाला। शहर के मेयर विताली क्लित्सचेंको ने बताया कि 18 अपार्टमेंट पूरी तरह नष्ट हो गए। हमले की चपेट में खारकीव, सुमी, ओडेसा और अन्य शहर भी आए। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि रूस और यूक्रेन जल्द समझौते पर पहुंच सकते हैं। यूक्रेनी विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने कहा कि बीजिंग में ट्रंप और राष्ट्रपति शी चिनफिंग की बैठक के दौरान रूस का यह हमला साबित करता है कि मॉस्को अब भी वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है।



## न्यूज ब्रीफ

### हंगरी ने अपनी सीमा के नजदीक हमले पर विरोध जताने के लिए रूसी राजदूत को तलब किया

» बुडापेस्ट, भाषा।

**हंगरी ने रूस के राजदूत को तलब किया है, ताकि उसकी सीमा के नजदीक यूक्रेन क्षेत्र पर बड़े पैमाने पर किए गए ड्रोन हमलों को लेकर विरोध जताया जा सके। हंगरी के इस कदम को पूर्व प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन के नेतृत्व में क्रेमलिन के साथ मधुर संबंधों के बाद नए प्रधान मंत्री पीटर मग्यार द्वारा मॉस्को के प्रति अपनाए गए रुख में आए स्पष्ट बदलाव का संकेत करता है। हंगरी में रूस के राजदूत एवगेनी स्टैनिस्लावोव के बृहस्पतिवार अपराह्न विदेश मंत्रालय पहुंचने की उम्मीद है, जहां वे बुधवार को यूक्रेन के ट्रांसकारपैथिया क्षेत्र में हुए हमलों के संबंध में हंगरी की विदेश मंत्री अनिता ओर्बन से बात करेंगे। इस क्षेत्र में हंगरी के अल्पसंख्यकों की एक बड़ी आबादी रहती है।**

हंगरी के दक्षिणी शहर ओपुज़्टाजऱ में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बुधवार को मग्यार ने कहा, हंगरी की सरकार ट्रांसकारपैथिया पर रूसी हमले की कड़ी निंदा करती है। प्रधानमंत्री ने कहा, वह (अनिता) उनसे भी यही बात कहेंगी और यह जानकारी मांगेंगी कि रूस और व्लादिमीर पुतिन चार साल से अधिक समय पहले शुरू हुए इस खूनी युद्ध को आखिरकार कब समाप्त करने की योजना बना रहे हैं। रूसी सरकार की ओर से उसके राजदूत को तलब किए जाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा कि रूस ने बुधवार को दिन में ट्रांसकारपैथिया सहित देश के लगभग 20 क्षेत्रों को निशाना बनाकर करीब 800 ड्रोन हमले किए। इन हमलों में छह लोगों की मौत हुई है जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं।

### पाकिस्तान ने फतह-4 क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया

» इस्लामाबाद, भाषा।

**पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसने स्वदेशी रूप से विकसित और सतह से प्रक्षेपित की जाने वाली फतह-4 क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया, जो लंबी दूरी के लक्ष्यों को उच्च सटीकता के साथ भेदने में सक्षम है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मिसाइल का परीक्षण रॉकेट फोर्स कमान द्वारा किया गया। सेना ने बताया, उन्नत विमानन तकनीकों और अत्याधुनिक नेविगेशन उपकरणों से लैस यह मिसाइल प्रणाली उच्च सटीकता के साथ लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है।**

बयान के मुताबिक सैन्य परिचालन क्षमता बढ़ाने, बेहतर सटीकता और मजबूती से जवाब देने के लिए मिसाइल की विभिन्न उप-प्रणालियों के तकनीकी मापदंडों को परखने के लिए इस मिसाइल का परीक्षण किया गया। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और अन्य सैन्य अधिकारियों ने मिसाइल के सफल प्रशिक्षण परीक्षण की सराहना की। पिछले महीने, सेना की रॉकेट फोर्स कमान ने देश में विकसित फतह-2 मिसाइल प्रणाली का प्रशिक्षण किया था। पाकिस्तानी सेना ने सितंबर 2025 में भी 750 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली क्रूज मिसाइल फतह-4 का प्रशिक्षण किया था।

### लातविया की प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के ड्रोन पर विवाद के बाद इस्तीफा दिया

» रीगा, भाषा।



**लातविया की प्रधानमंत्री एविका सिलिना ने बृहस्पतिवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। बाल्टिक न्यूज सर्विस ने यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा रही वामपंथी प्रोग्रेसिव्स पार्टी ने बुधवार को सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा कर दी। इसके बाद सरकार बहुमत खो बैठी और इसी कारण सिलिना ने इस्तीफा दे दिया।**

पिछले सप्ताह प्रोग्रेसिव पार्टी के नेता और लातविया के रक्षा मंत्री एंड्रीस स्प्रूड्स को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा था। यूक्रेन के ड्रोन के कई बार गलती से लातविया की सीमा में घुस आने की घटनाओं से सरकार के निपटने के तरीके को लेकर बढ़ते विवाद के बाद स्प्रूड्स ने इस्तीफा दिया था।

# ताइवान चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा: चिनफिंग ने ट्रंप से मुलाकात के बाद कहा

» बीजिंग, भाषा।

**चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के साथ वार्ता के पहले दौर के बाद कहा कि चीन और अमेरिका रचनात्मक द्विपक्षीय संबंधों के निर्माण के लिए एक नए दृष्टिकोण पर सहमत हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आगाह किया कि ताइवान को लेकर तनाव संबंधों को खतरे में डाल सकता है और संघर्षों को जन्म दे सकता है। बीजिंग में हुई बैठक के बाद चिनफिंग ने कहा, मैंने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ रणनीतिक स्थिरता के रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंधों के निर्माण के एक नए दृष्टिकोण पर सहमति व्यक्त की है। सरकारी मीडिया के अनुसार, चिनफिंग ने कहा कि यह नया दृष्टिकोण अगले तीन वर्षों और उससे आगे द्विपक्षीय संबंधों के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा तथा दोनों देशों के लोगों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा इसका स्वागत किया जाना चाहिए।**

हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ताइवान का मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, चिनफिंग ने कहा कि अगर स्थिति को सही ढंग से संभाला गया तो द्विपक्षीय संबंध कुल मिलाकर स्थिर रहेंगे, अन्यथा, दोनों देशों को टकराव और यहां तक कि संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है, जिससे द्विपक्षीय संबंध गंभीर खतरे में पड़ जाएंगे। उन्होंने अमेरिका से ताइवान मुद्दे को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया। चिनफिंग ने कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखना बीजिंग और वाशिंगटन के बीच स्थिर संबंधों के लिए प्रमुख महत्व रखता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ताइवान की स्वतंत्रता के लिए समर्थन जलडमरूमध्य में शांति की बात से मेल नहीं खाता। स्वशासित ताइवान को चीन एक विद्रोही प्रांत मानता है। वह उन देशों को ताइपे के साथ औपचारिक संबंध रखने से रोकता है जिनके साथ उसके राजनयिक संबंध



## चिनफिंग 24 सितंबर को अमेरिका की यात्रा पर आएंगे : ट्रंप

**बीजिंग, भाषा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को घोषणा की है कि उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग पारस्परिक अमेरिका यात्रा के तहत 24 सितंबर को व्हाइट हाउस आएंगे। ट्रंप ने चिनफिंग के साथ मुलाकात के बाद अपने संबोधन में कहा, राष्ट्रपति शी, इस खूबसूरत स्वागत के लिए एक बार फिर धन्यवाद। आज रात, मुझे आपको व मैडम पेंग को 24 सितंबर को व्हाइट हाउस में आने का निमंत्रण देते हुए गर्व हो रहा है। हम आपकी यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मैं अमेरिकी और चीनी लोगों के बीच समृद्ध और अटूट संबंधों का आह्वान करता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह एक बहुत ही खास रिश्ता है, और मैं आप सभी को फिर से धन्यवाद देना चाहता हूं। यह एक शानदार मुलाकात रही है।

## अमेरिका की आजादी के 250 वर्ष होने के उपलक्ष्य में स्मिथसोनियन संग्रहालय में प्रदर्शनी



**वाशिंगटन।** अमेरिका की आजादी की 250वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में यहां के एक प्रसिद्ध संग्रहालय में अनूठी प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें क्रांतिकारी युग की एक युद्धक नौका, जॉर्ज वाशिंगटन की वर्दी, थॉमस जेफरसन की मेज और 2025 के राष्ट्रपथि शपथ ग्रहण समारोह में देश की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप द्वारा पहना गया गाउन सहित कई वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। स्मिथसोनियन नेशनल म्यूजियम ऑफ अमेरिकन हिस्ट्री में जीवन, स्वतंत्रता और खुशी की खोज में शीर्षक से लगाई गई प्रदर्शनी में 18वीं से 21वीं शताब्दी तक के इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों से संबंधित प्रतिष्ठित कलाकृतियों और रोजमर्रा की वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है, जो अमेरिका के व्यापक इतिहास को जीवंत बनाते हैं। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन बृहस्पतिवार को किया गया। संग्रहालय की निदेशक एंथिया एम. हार्टिग ने संवाददाताओं से कहा, हम यह कहना पसंद करते हैं कि अमेरिका की कहानी इतनी बड़ी है कि इसके लिए एक पूरे संग्रहालय की जरूरत है। उन्होंने बताया कि संग्रहालय तीन मंजिला है और यह कुल 2. 50 लाख वर्ग फुट में फैला है। इसमें 250 वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं जो 250 कहानियों को उजागर करती हैं, ए न केवल अमेरिका की स्थापना वर्ष 1776 से, बल्कि वर्तमान तक के पूरे 250 वर्षों के इतिहास का प्रतिनिधित्व करती है। प्रदर्शनी के परियोजना निदेशक थियोडोर गोंसाल्वेस ने कहा, तो 250 सपने, 250 कार्य, 250 कदम आगे। कभी-कभी पीछे भी, लेकिन अमेरिकी इतिहास में हमेशा जीवंतता रही है। इसमें 76 वस्तुएं पहली बार सार्वजनिक प्रदर्शनी में शामिल की गई हैं या उन्हें बहुत कम बार प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षणों में से एक है युद्धक नौका फिलाडेल्फिया, जो सबसे पुराना और सही सलामत बचा हुआ अमेरिकी युद्धपोत है। यह क्रांति युग की सबसे उल्लेखनीय कलाकृतियों में से एक है। लेक चैम्पलेन पर ब्रिटिश सेना की गति को धीमा करने के लिए गठित महाद्वीपीय बेड़े के हिस्से के रूप में इस युद्धपोत का निर्माण 1776 में किया गया था। यह वैलकोर द्वीप की लड़ाई के दौरान दुश्मन के गोलाबारी की वजह से डूब गया था। यह युद्धक नौका 1935 में बरामद की गई और बाद में संग्रहालय में स्थानांतरित की गई। इसके अलावा, थॉमस जेफरसन द्वारा 1776 में स्वतंत्रता की घोषणा का मसौदा तैयार करने के लिए इस्तेमाल की गई मूल टेबल, दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति की पत्नी एबिगेल एडम्स द्वारा पहना गया नकली मोती का हार, राष्ट्रीय गान को प्रेरित करने वाला स्टार-स्पैंगल्ड बैनर और जॉर्ज वाशिंगटन की सैन्य वर्दी भी प्रदर्शित की गई है।

## भारत ने मादक पदार्थ से जुड़े आतंकी इकबाल सिंह के प्रत्यर्पण में सहयोग के लिए पुर्तगाल का आभार जताया

» लिस्बन, भाषा।

**भारत ने मादक पदार्थ से संबद्ध वांछित आतंकवादी इकबाल सिंह उर्फ शेरा के पुर्तगाल से प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए वहां की सरकार और उसकी एजेंसियों का आभार व्यक्त किया है। बुधवार को, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुर्तगाल से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया।**

पुर्तगाल से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही एनआईए के एक दल ने उसे हिरासत में ले लिया। वह 2020 में फरार हो गया था और पुर्तगाल चला गया था। लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, लिस्बन में भारत का दूतावास इकबाल सिंह के भारत प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए पुर्तगाली अधिकारियों को धन्यवाद देता है। दूतावास द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पुर्तगाल से इकबाल सिंह उर्फ शेरा को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया गया है। सिंह पर मादक पदार्थ तस्करी और आतंकवाद के लिए वित्तपोषण करने सहित कई गंभीर अपराधों के आरोप हैं। बयान में कहा गया, भारत सरकार इकबाल सिंह के सफल प्रत्यर्पण में सहयोग और समर्थन के लिए पुर्तगाल सरकार और उसकी एजेंसियों को धन्यवाद देती है। एक्स पर जारी बयान के अनुसार, यह प्रत्यर्पण भारत और पुर्तगाल के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि और इंटरपोल रेड नोटिस जारी होने के अनुसरण में हुआ है। इस प्रक्रिया में विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, एनआईए, केंद्रीय जांच एजेंसी और लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास ने पुर्तगाल के संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया। बयान में कहा गया, इकबाल सिंह का प्रत्यर्पण अपराधियों के लिए सभी रास्ते बंद करने और उन्हें न्याय का सामना करने के लिए भारतीय अदालतों में लाने के भारत सरकार के चल रहे प्रयासों के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है।



## समीक्षा : अंटार्कटिका की बर्फ में दबी तारों की धूल

# सौर मंडल के 80 हजार वर्ष पुराने इतिहास के संकेत मिले

» ब्रिस्बेन, भाषा।

**वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिका की प्राचीन बर्फ में दबी तारों की धूल का अध्ययन कर सौर मंडल के पिछले 80 हजार वर्षों के इतिहास से जुड़े महत्वपूर्ण संकेत मिलने का दावा किया है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिल सकती है कि सौर मंडल अपनी आकाशगंगा के भीतर किस प्रकार के अंतरिक्ष वातावरण से गुजरता रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अंतरिक्ष केवल तारों, ग्रहों और चंद्रमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका बड़ा हिस्सा गैस, प्लाज्मा और तारों की धूल से बने बादलों से भरा हुआ है।**

हमारी आकाशगंगा के स्थानीय क्षेत्र में ऐसे लगभग 15 इंटरस्टेलर बादल मौजूद हैं और सौर मंडल वर्तमान में इनमें से एक लोकल इंटरस्टेलर क्लाउड से गुजर रहा है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इन बादलों की उत्पत्ति और इतिहास तारों के जन्म और विस्फोट से गहराई से जुड़ा हुआ है। उनके प्रभाव पृथ्वी पर भी देखे जा सकते हैं, विशेष रूप से अंटार्कटिका की बर्फ में संरक्षित कणों के रूप में। वैज्ञानिकों की एक टीम ने पुराने हिमपात और बर्फ में दबी तारों की धूल का अध्ययन कर सौर मंडल और उसके आसपास के अंतरिक्षीय वातावरण के इतिहास का पता लगाने की कोशिश की। यह अध्ययन प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका फिजिकल रिव्यू लेटर्स में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में दावा किया गया है कि सामान्यतः खगोल विज्ञान में दूरस्थ तारों और आकाशगंगाओं से आने वाले प्रकाश का अध्ययन किया जाता है, लेकिन इस शोध में वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर मौजूद तारों के विस्फोटों के अवशेषों का विश्लेषण किया। विशाल तारे अपने जीवन के अंत में सुपरनोवा विस्फोट के दौरान कार्बन, ऑक्सीजन, कैल्शियम और लोहे जैसे तत्व अंतरिक्ष में छोड़ते हैं। इसी प्रक्रिया में आयरन-60 नामक दुर्लभ रेडियोधर्मी समस्थानिक भी बनता है, जो तारों के विस्फोटों का महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है। ये सूक्ष्म धूल कण आकाशगंगा में फैलते हुए कभी-कभी पृथ्वी तक पहुंच जाते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, अंटार्कटिका की बर्फ की परतें हजारों वर्षों तक लगभग बिना किसी व्यवधान के जमा होती रहती हैं और इनमें उस समय के अंतरिक्षीय वातावरण के संकेत सुरक्षित रह जाते हैं। शोधकर्ताओं ने पहले अंटार्कटिका की 500 किलोग्राम ताजा बर्फ में आयरन-60 की मौजूदगी पाई थी। इसके बाद उन्होंने 40 हजार से 80 हजार वर्ष पुरानी लगभग 300 किलोग्राम बर्फ का विस्तृत विश्लेषण किया। इस प्रक्रिया के तहत बर्फ को पिघलाया गया और रासायनिक उपचार के जरिए उसमें मौजूद आयरन-60 को अलग किया गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी की हेवी-आयन एक्सेलरेटर फैसिलिटी में अत्यंत संवेदनशील एक्सेलरेटर मास स्पेक्ट्रोमेट्री तकनीक का उपयोग कर आयरन-60 के परमाणुओं की गणना की गई। वैज्ञानिकों को उम्मीद थी कि आयरन-60 का स्तर पहले के अध्ययनों के अनुरूप होगा, लेकिन इसकी मात्रा अपेक्षा से कम पाई गई। शोधकर्ताओं के अनुसार, इसका मतलब यह हो सकता है कि उस अवधि में पृथ्वी तक तारों की धूल कम पहुंच रही थी। अध्ययन में कहा गया है कि यह परिवर्तन अपेक्षाकृत कम खगोलीय समयावधि में हुआ, इसलिए इसका संबंध करोड़ों वर्ष पहले हुए बड़े सुपरनोवा विस्फोटों से नहीं माना जा सकता। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके पीछे स्थानीय इंटरस्टेलर बादलों की संरचना और घनत्व जिम्मेदार हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि हालिया खगोलीय अध्ययनों के अनुसार, सौर मंडल 40 हजार से 1.24 लाख वर्ष पहले के बीच लोकल इंटरस्टेलर क्लाउड में प्रवेश कर चुका था। अंटार्कटिका की बर्फ में मिले परिणाम इसी समयावधि से मेल खाते हैं। हालांकि, वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि यदि ये बादल फट चुके किसी तारे से सीधे बने होते, तो बर्फ में आयरन-60 की मात्रा कहीं अधिक होनी चाहिए थी। ऐसे में इन बादलों की वास्तविक उत्पत्ति अभी भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यदि भविष्य में और अधिक पुरानी बर्फ का अध्ययन किया जाए तो स्थानीय इंटरस्टेलर बादलों के इतिहास, संरचना और उत्पत्ति के बारे में अधिक स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सकती है।



मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com